संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in

सभी देश वासियों को पब्लिक एशिया की ओर से देव - दीपावली की शुभकामनायें

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 12, अंक : 98, पृष्ठ : 12, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), शुक्रवार 15 नवंबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

## मुख्य समाचार

### मैनपुरी में दो वाहनो की भिड़ंत में एक के चालक की मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के कुरावली थाना क्षेत्र में गुरुवार को जी टी रोड पर वाहनों के आपस में टकरा जाने से एक वाहन के ड्राइवर की मौत हो गयी और दूसरे वाहन का ड्राइवर घायल हो गया। पुलिस के अनुसार थाना कुरावली क्षेत्र लहसन मंडी के पास जी टी रोड पर हाई वे का पानी वाला केंटर डिवाइडर पर लगे पौधो में पानी लगा रहा था। अचानक बेवर साइड से आ रहे ट्रक कंटेनर ने पानी लगा रहे वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ।पीछे से एक और वाहन ने टक्कर मार दी ।

### फिरोजाबाद में सिर विहीन शव मिलने से सनसनी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नारखी क्षेत्र में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुरुवार सुबह गांव शाहपुर के समीप एक अज्ञात युवक का शव पडा होने की जानकारी मिली। शव का सिर धड़ से किसी धारदार हथियार से काट कर अलग किया गया था। प्रथम दृष्या मामला हत्या का ही लगता है। युवक की उम्र करीब 20 वर्ष है जिसकी पहचान करने की कोशिश भी की जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए हैं मामले की जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

### डॉ सुरिंदर होंगे महायोगी गोरखनाथ विवि के नए कुलपति

**गोरखपुर ।** जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च मैसूर के पूर्व कुलपति डॉ सुरिंदर सिंह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नए कुलपति होंगे। डा. सिंह का चयन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। डॉ सिंह वर्तमान कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी का स्थान लेंगे जिनका उपलब्धियों भरा कार्यकाल 14 नवंबर को पूरा हो गया। एमबीबीएस और एमडी डिग्री धारी डॉ सुरिंदर सिंह जेएसएस एएचईआर मैसूर में कुलपति पद का कार्यकाल चार नवंबर को पूर्ण कर चुके हैं और साथ ही केंद्र सरकार के औषधि महानियंत्रक भी रह चुके हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा मेले के लिये अयोध्या के घाट तैयार

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये घाटों में चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का आज घाटों पर जाकर निरीक्षण किया। श्री त्रिपाठी ने यूनीवार्ता से कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में नगर निगम व जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्था बहुत अच्छी की गयी है। दूरदराज से आये श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### पीलीभीत में बस खाई में पलटी, 25 घायल

**पीलीभीत ।** पीलीभीत जिले के घुंघचाई थाना क्षेत्र में मजदूरों से भरी बस गुरुवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसा उस समय हुआ जब बस बिहार राज्य जा रही थी, जहां मजदूर भट्टे पर काम करने के लिए जा रहे थे। घुंघचाई थाना पुलिस के अनुसार बरेली जिले के नवाबगंज और आसपास के गांवों के लोग एक बस में सवार होकर बिहार राज्य में भट्टे पर मजदूरी करने जा रहे थे। बस में करीब 60 मजदूर सवार थे। पीलीभीत के घुंघचाई थाना क्षेत्र स्थित बलरामपुर चौकी के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस में सवार नवाबगंज के रहने वाले रिफाकत ने पुलिस को बताया कि इस हादसे में 20 से 25 लोग घायल हुए हैं।




# झारखंड के 'चुनावी रण' में गरजे योगी

## एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**धनबाद/बोकारो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की।

**- झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह कर रहे कांग्रेस व राजद**

सीएम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।

**- मजदूरों को ब्लैकमेल कर माल कमाते हैं वामपंथी**

सीएम योगी ने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है। यहां का कोयला मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी संघर्ष का नारा लगवाएंगे, हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और लाल सलाम वाले मालामाल बन जाते हैं। कोई बैरियर बनता है तो यह लोग उसकी निर्मम हत्या भी करते हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लालसलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है।

**- केंद्र में कांग्रेस थी तो रोज शहीद होता था झारखंड का जवान**

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि मोदी जी राशन भेजते हैं, लेकिन यहां झामुमो, कांग्रेसी, राजद व कम्युनिस्ट खा जाते हैं। जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो झारखंड का जवान रोज शहीद होता था। यह लोग जवानों से कहते थे कि जब दुश्मन गोली चलाएगा, तब गोली चलाना लेकिन नया भारत घुसपैठ करने वाले आतंकियों का काम तमाम कर उसकी जहन्नुम की यात्रा निकाल देता है।

### क्या बोले सीएम योगी

- दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कर लिया जाता है कब्जा।
- सीएम ने 15 नवंबर को पड़ने वाली भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड के स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं
- पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा-झारखंड को लूटने वाले सत्ता से होंगे बेदखल, भाजपा बनाएगी सरकार।
- जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएंगे तीनों दल।
- हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया, लेकिन अब बंटना नहीं बल्कि एक और सेफ रहना है
- मजदूर वहीं का वहीं रह गया, लाल सलाम वाले हो गये मालामाल। भ्रष्टाचारी कांग्रेस सांसद के घर 350 करोड़ और झामुमो सरकार के मंत्री के घर में मिलते हैं 35 करोड़ रुपये।
- केंद्र में कांग्रेस थी तो रोज शहीद होता था झारखंड का जवान,अब आतंकियों की निकलती है जहन्नुम की यात्रा।







### झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह कर रहे कांग्रेस व राजद

सीएम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।



### रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं कांग्रेस, झामुमो व राजदवाले

सीएम योगी ने कहा कि झारखंड को लव और लैंड जेहाद का अड्डा बना दिया है। दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। झामुमो, राजद व कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं। लव जेहाद व लैंड जेहाद के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को घुसाकर यहां के अस्तित्व से खिलवाड़ करना चाहते हैं। यह बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करेंगे, रोजगार पर डाका डालकर रोटी की समस्या खड़ा करेंगे।



### सीएम योगी ने किए श्रीराम व मां काली के दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरसा रैली से पहले नयाडांगा में श्रीराम मंदिर व मां काली के दर्शन किए। सीएम ने मंदिर कमेटी के लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम लोग पिछड़ गए, लेकिन निरसा ने पहले ही राम मंदिर व मां काली का भव्य मंदिर बना दिया। मां काली व भगवान राम का मंदिर बहुत भव्य बना है। निरसा के लोगों को धन्यवाद।



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया।

# देवताओं के स्वागत को सज रही 'काशी'

## देव दीपावली : दीपों की आभा से आलोकित होंगे घाट, मां गंगा की भव्य महाआरती

एजेंसी

**वाराणसी।** देव दीपावली पर देवताओं के स्वागत के लिए काशी सजकर तैयार हो रही है। कार्तिक पूर्णिमा की शाम एक साथ असंख्य दीपों की रोशनी से काशी का कोना-कोना आलोकित हो उठेगा। वहीं दशाश्वमेध घाट पर विविध आयोजन होंगे। यहां मां गंगा की 108 किलो अष्टधातु की प्रतिमा का श्रृंगार किया जाएगा। वहीं गंगोत्री सेवा समिति की ओर से 151 लीटर दूध से अभिषेक होगा। देव दीपावली पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी अपनी खास प्रस्तुति देंगे। देव दीपावली पर दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की भव्य महाआरती की जाएगी। 42 ऋद्धि-सिद्धि, 21 बटुक और 21 डमरू दल मां गंगा की महाआरती करेंगे। आरती के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी रमण दुबे बाबू महाराज ने बताया कि गंगोत्री सेवा समिति की देव दीपावली देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को समर्पित रहेगी। समिति के सचिव पं. दिनेश दुबे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमेरू पीठ के शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती करेंगे। काशी के प्रत्येक घाट पर अलग-अलग अंदाज में देव दीपावली मनाई जाएगी। केदार घाट पर गंगोत्री सेवा समिति की ओर से मां गंगा की भव्य महाआरती की जाएगी।

### बाबा मशाननाथ की झांकी सजेगी

हरिश्चंद्र घाट पर देव दीपावली पर बाबा मशाननाथ की झांकी सजाई जाएगी। घाट पर स्थित बाबा मशाननाथ मंदिर में बाबा की मिट्टी की छह फीट ऊंची प्रतिमा तैयार की गई है। जटाधारी बाबा की मुड माला से युक्त विराट प्रतिमा को मशाननाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए रखा जाएगा।

# नौजवानों की दुश्मन है भाजपा सरकार: कांग्रेस

एजेंसी

**देवरिया।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें नौजवानों की दुश्मन हैं। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डबल इंजन की सरकार का एक मात्र लक्ष्य है कि नौजवानों को बेरोजगार रखा जाय। केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद केन्द्र में कोई भर्ती नहीं हुई है जबकि 30 लाख पद खाली हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में जितने भी नौकरी की परीक्षाएं हुईं हैं, उनमें से 99 फीसदी परचे लीक हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार घपलों की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हीलाहवाली सरकार की नौजवानों को सरकारी नौकरी मिलने में बाधा पहुंचाने का प्रयास है। नौजवानों को नौकरी स्थाई मिलेगी तो दलितों, पिछडों और अगड़ों के गरीब सवर्णों को इसमें आरक्षण का लाभ मिल जायेगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा और आरएसएस की हमेशा से यही मंशा रही है कि न किसी को सरकारी नौकरी मिले और न ही किसी को आरक्षण का लाभ मिल सके। यह सरकार सिर्फ आउट सोर्सिंग पर नौजवानों को नौकरी पर रख रहे हैं और उसमें भी घोटाले नौजवानों का पिण्ड नहीं छोड रहा है।

> डबल इंजन की सरकार का एक मात्र लक्ष्य है कि नौजवानों को बेरोजगार रखा जाय। केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद केन्द्र में कोई भर्ती नहीं हुई है जबकि 30 लाख पद खाली हैं।



प्रयागराज में 'सिंगल डे, सिंगल शीटग' परीक्षा लागू करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने यूपीपीएससी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# स्वच्छ गंगा मिशन समिति की बैठक संपन्न

## सहायक नदियों के प्रवाह और डॉल्फिन संरक्षण जैसी परियोजनाओं को मंजूरी


(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की 58वीं कार्यकारी समिति की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। चंबल, सोन, दामोदर और टोंस नदियों के पर्यावरणीय प्रवाह का आकलन और गंगा नदी डॉल्फिन के संरक्षण के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना को इसमें मंजूरी दी गई है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने की। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गंगा नदी और उसके जलीय जीवन के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार 11 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ बनी पर्यावरणीय प्रवाह संबंधित परियोजना का उद्देश्य हाइड्रोलॉजिकल और हाइड्रोडायनामिक मॉडल तैयार करना भी है। वहीं 'फंसे हुए गंगा नदी डॉल्फ़िन की सुरक्षा के लिए उन्नत बचाव प्रणाली' का अनुमानित बजट 1 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य संकट में डॉल्फ़िन की सहायता के लिए एक विशेष बचाव वाहन, 'डॉल्फ़िन एम्बुलेंस' विकसित करना है। बैठक में उत्तर प्रदेश में गंगा बेसिन में लुप्तप्राय कछुओं के संरक्षण के लिए एक परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। कोलकाता के केओरापुकुर में 50 एमएलडी एसटीपी (मिलियन लीटर प्रतिदिन सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट) के पुनर्वास को 114.27 करोड़ रुपये के संशोधित बजट के साथ मंजूरी दी गई है, जो प्रारंभिक 67.06 करोड़ रुपये से अधिक है। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में एकीकृत सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना को संशोधित मंजूरी देकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस परियोजना को अब 6.46 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10.35 करोड़ रुपये का संशोधित बजट दिया गया है। बैठक के दौरान यात्रा वृत्तांत श्रृंखला 'रग-रग में गंगा- एक जीवन धारा' के तीसरे सीज़न के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह नया सीज़न गंगा के महत्व और संरक्षण प्रयासों को नए नजरिए से प्रस्तुत करेगा। बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार ऋचा मिश्रा, एनएमसीजी के उप महानिदेशक नलिन श्रीवास्तव, ईडी (तकनीकी) अनूप कुमार श्रीवास्तव, ईडी (प्रशासन) एसपी वशिष्ठ, ईडी (वित्त) भास्कर दासगुप्ता और एसपीएमजी पश्चिम बंगाल की परियोजना निदेशक नंदिनी घोष उपस्थित थीं।



# संविधान तभी बचेगा,जब दिल्ली-यूपी से भाजपा जाएगी: अखिलेश

एजेंसी



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र और संविधान तभी बचेगा जब लखनऊ और दिल्ली की कुर्सी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उखाड़ फेंका जाएगा। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी मुजत्बा सिद्दीकी के पक्ष में रूद्रपुर में गुरूवार को आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि जब तक लखनऊ और दिल्ली में भाजपा सरकार रहेगी देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में रहेगा। इसकी सुरक्षा के लिए दोनो स्थानों से भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। यादव ने कहा कि इसीलिए समय समय पर उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय इनके खिलाफ फैसले करती रहती है मगर सरकार पर कोई असर नहीं है। हमने कहा था कि लोकतंत्र खतरे में है। अभी भी यही स्थिति है, क्योंकि ये सरकार संविधान के अनुसार नहीं चल रही। मगर सरकार पर कोई असर नहीं है।

## मुख्य समाचार

### दो बाइकें आपस में भिड़ीं तीन घायल



**हाथरस।** आगरा अलीगढ राजमार्ग स्थित शिक्षक नगर कालोनी मोड के निकट दो बाइकें आपस में भिड़ गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हाथरस में अशोक टाकीज के निकट रहने वाले राधाकृष्ण के पुत्र राहुल और मुकेश का पुत्र ललित किसी काम से बाइक पर सवार होकर सासनी आ रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही बाइक सासनी शिक्षक नगर कालोनी के निकट मोड पर पहुंची वैसे ही सडक पर आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर एक अन्य बाइक से जा टकराई। जिससे दूसरी बाइक सवार तथा राहुल और ललित सडक पर गिरकर घायल हो गये। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जहां घायलों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया।

### एडीजी और डीआईजी ने परखी महादेवी घाट की सुरक्षा व्यवस्था



**कन्नौज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत महादेवी घाट का आज निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, आलोक सिंह तथा उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, जोगेन्द्र कुमार ने आज कार्तिक पूर्णिमा मेले के अवसर पर मेंहदीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा संबंधी सभी तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था,कंट्रोल रूम, पार्किंग और रूट डायवर्सन की समीक्षा की गई। गोताखोरों की उपयुक्त तैनाती सुनिश्चित की गई। अपर पुलिस महानिदेशक एवं उपमहानिरीक्षक ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कुलवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बाल कार्निवाल का समापन समारोह सम्पन्न




**कन्नौज।** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान तथा स्वालंबन हेतु मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत10 से 14 नवम्बर तक बाल कार्निवल का आयोजन किया। जिसमें महिला कल्याण विभाग सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज और माया देवी इंटर कॉलेज जनपद कन्नौज में बाल कार्निवाल के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्निवल समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता विभिन्न कार्यक्रमों यथा म्यूजिक नाटक और बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ! और वर्तमान में सरकार की तरफ से चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन न0 1098 एवं बच्चों के अधिकारों, बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण में माता-पिता के सहयोग, बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसे विषयों पर चर्चा कर सभी को जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे हेल्पलाइन नंउ 181, 1090, 112, 102, 1098, 1076, आदि के प्रति जागरूक भी किया गया द्य कार्यक्रम में , वन स्टॉप सेंटर कि केंद्र प्रशासक विनीता ,गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्राचार्य दिव्या शर्मा एवं शिक्षक गण और माया देवी इंटर कॉलेज से प्राचार्य योगेंद्र पाल शिक्षक गण प्रियंका मिश्रा ,सारिका, संगम, सत्यम समस्त शिक्षक गण , चाइल्ड हेल्पलाइन से स्टाफ छाया, श्रीमती मीना देवी, सूरज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलबी शुभा, बच्चे आदि उपस्थित हुए।

# सीएम योगी की पहल पर आयोग का फैसला, एक ही दिन होगी पीसीएस (प्रा.) परीक्षा

## मुख्यमंत्री ने आयोग को अभ्यर्थियों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने को कहा

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की पहल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने आगामी पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित करने का फैसला किया है। इस निर्णय से प्रतियोगी परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों को राहत मिली है।

**छात्रों के हित में सीएम योगी की पहल**

पिछले कुछ दिनों से पीसीएस और अन्य चयन परीक्षाओं को लेकर छात्रों के बीच असंतोष की स्थिति थी। छात्रों की मांग थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को एकाधिक पालियों में कराने के बजाय एक ही दिन में संपन्न कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों की इन मांगों का संज्ञान लेते हुए आयोग को निर्देश दिया कि वह छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्णय ले। आयोग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर छात्रों से संवाद किया और उनकी मांगों पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 पूर्व की भांति एक ही दिन में आयोजित की जाएगी।

**आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए समिति का गठन**

मुख्यमंत्री की पहल पर यूपीपीएससी ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 को स्थगित करते हुए उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति सभी पहलुओं पर गहन अध्ययन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, जिससे इन परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके।

**चयन परीक्षाओं की पारदर्शिता पर विशेष ध्यान**

आयोग के सचिव ने बताया कि हाल के महीनों में देश के कई हिस्सों में पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार ने चयन परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इसी कारण, आयोग ने दिसंबर में प्रस्तावित पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाओं को एकाधिक पालियों में आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, छात्रों की मांग और मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में आयोजित की जाएगी।

**छात्रों को मिलेगा फायदा**

इस फैसले से लाखों छात्र जो इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। परीक्षा को एक ही दिन में आयोजित करने से छात्रों को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का भरोसा मिलेगा। साथ ही, आयोग द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट से भविष्य में होने वाली परीक्षाओं की शुचिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस फैसले के बाद छात्रों में खुशी की लहर है और वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस त्वरित निर्णय की सराहना कर रहे हैं।

### भाजपा नगर कमेटी की कार्यशाला संपन्न



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** नगर भारतीय जनता पार्टी की संगठन चुनाव को लेकर एक कार्यशाला जिला कार्यालय पर संपन्न हुई, बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला चुनाव अधिकारी सतीश शर्मा पूर्व एमएलसी ने दीप प्रज्वलित करके किया कार्यक्रम में अन्य तिथियां में जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी , मंडल चुनाव अधिकारी सुनील गौतम , निवर्तमान जिला अध्यक्ष गौरव आर्य जी, जिला महामंत्री हरिशंकर राणा भूरा पहलवान, डॉक्टर एस पी एस चौहान जी , राम हरि चाहर जी आदि ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष मूलचंद वार्ष्णेय ने की संचालन श्री कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय श्री दिनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया बैठक में उपस्थित भाजपाइयों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सतीश शर्मा जी ने बताया की नगर का चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए सभी चुनाव अधिकारी अपने इस कार्य को पूर्ण मन योग से अपने निर्धारित समय में संपन्न कराये इनके अलावा भी सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम कुमार माहेश्वरी, संजय सक्सैना, श्रीमती सुनीता वर्मा, रमेश राजपूत, वीरेंद्र कप्तान, चुनाव अधिकारी मुकेश कौशिक, जितेंद्र चौहान जितेंद्र कुमार प्रदीप सिंह आसिफ अली शुभम कुलश्रेष्ठ रूपेश प्रजापति चंदा सिंह आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### विज्ञान की एक्सपोज़र विजिट में 20 स्कूलों के 100 बच्चों ने किया प्रतिभाग

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक से शैक्षिक भ्रमण के लिए सामाजिक विषय तथा विज्ञान के लिए बच्चों भ्रमण कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है इसके लिए विकास क्षेत्र क्यारा में बुधवार को 20 स्कूलों से 100 बालक बालिकाओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया, इस दल को सबसे पहले भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान परिषद पहुंचने से पहले दो बसों को खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक संसाधन केंद्र से रवाना किया, इससे पूर्व प्रत्येक बच्चे को टी-शर्ट तथा टोपी के साथ खाने की सामग्री तथा पानी इत्यादि खूबसूरत बैग के साथ बच्चों को एकत्र कर वितरित किए गए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे, दोनों बसों को हरी झंडी दिखाते समय विकास क्षेत्र से प्रमुख रूप से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन उदित विक्रम सिंह, उमा रानी सहित विभिन्न शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं बच्चों का हौसला अफजाई किया।

# पर्यटकों को लुभा रहा काशी का नमो घाट

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी रहेंगे मौजूद

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**वाराणसी।** काशी की परंपरानुसार उदयागामी भगवान भास्कर का अभिवादन करता 'नमो घाट' का नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को लुभा रहा है। सुबह सूर्य की सिंदूरी किरणें काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की छटा में चार चाँद लगाती हैं। ऐसे ही सुबह-ए-बनारस की अलौकिक दृश्य को देखने के लिए दुनिया से पर्यटक काशी खींचे चले आते हैं। सुबह-ए-बनारस का दिव्य और भव्य नज़ारा का लुत्फ अब पर्यटक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले ख़ूबसूरत नमो घाट से भी ले सकेंगे। आस्था ,पर्यटन और रोजगार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला नमो घाट बन कर तैयार हो गया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 नवंबर को नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करना प्रस्तावित है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे । प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल,थल और नभ से जुड़ने वाले यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। योग स्थल, वाटर स्पोर्ट्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कैफ़ेटेरिया के अलावा कई अन्य सुविधाएं हैं। यह वाराणसी का पहला घाट है, जो दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। इस परियोजना को स्मार्ट सिटी मिशन तथा इंडियन ऑयल फाउंडेशन द्वारा मिल कर वित्तपोषित किया गया है।

डबल इंजन सरकार ने पक्का नमो घाट बनवाया है ,जहाँ वर्ल्ड क्लास सुविधाएं होंगी। सूर्य का अभिवादन करता हुआ स्कल्पचर नमो घाट की नई पहचान बन गई है।

वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट के पुनर्विकास में मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया है। इस घाट पर वोकल फॉर लोकल भी दिखेगा। भविष्य में लोग यहाँ वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और हेली टूरिज्म का भी लुफ़्त ले सकेंगे। सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वाक, व्यायाम और योग कर सकेंगे। दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए माँ गंगा के चरणों तक रैंप बना है।

ओपेन थियेटर,लाइब्रेरी ,लाउंज, बाथिंग कुंड, बनारसी खान-पान के लिए फ़ूड कोर्ट और मल्टीपर्पज़ प्लेटफार्म है। यहां हेलीकाप्टर उतरने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व क्राउड मैनेजमेंट में भी काम आ सकता है। जेटी से बोट द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम और गंगा आरती देखने जा सकेंगे। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सीएनजी से चलने वाली नाव के लिए देश का पहला फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन भी नमो घाट पर बना है। इसके अलावा अन्य गाड़ियों के लिए भी यहाँ अलग से सीएनजी स्टेशन है। नमो घाट से क्रूज़ के जरिए पास के अन्य शहरों का भ्रमण किया जा सकता है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि फेज वन में बने बड़े नमस्ते स्कल्पचर की ऊंचाई करीब 25 फ़ीट और छोटे की 15 फिट है, जबकि फेज टू में मेटल का बना नमस्ते स्कल्प्चर करीब 75 फ़ीट ऊँचा है। यह भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में अमृत महोत्सव में लगवाया गया है। इस नमो नमः स्कल्पचर की वजह से इसका नाम, 'नमो घाट' पड़ गया है। नमो घाट पर ख़ास कुंड बना है। घाट के किनारे हरियाली के लिए और मिट्टी का कटान न हो, इसके लिए पौधरोपण किया गया है। आस्था की डुबकी लगाने के लिए अन्य घाटों की तरह पक्का घाट बना है। यहाँ सीढ़ियों के साथ ही रैंप भी बनाया गया है। यहां बॉथिंग जेटी भी लगाई गई है। उन्होंनेबताया कि गेबियन और रेटेशन वाल से घाट तैयार किया गया है, जिससे ये बाढ़ में सुरक्षित रहेगा। ये देखने में पुराने घाटों की तरह ही है। नमो घाट तक गाड़ियां जा सकती है। घाट पर ही वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो चरणों में हुआ है।

# महाकुंभ में यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज बार्क की मदद से करेगा 3 अस्थाई एसटीपी का निर्माण

## सीएम योगी की स्वच्छ महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करने के किए जा रहे प्रयास

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** सीएम योगी के स्वच्छ एवं स्वस्थ महाकुंभ के ध्येय को सफल बनाने की दिशा में यूपी जल निगम नगरीय प्रयागराज महाकुंभ के लिए 3 अस्थाई एसटीपी का निर्माण कर रहा है। ये एसटीपी जल निगम राष्ट्रीय संस्था बार्क की मदद से लगभग 3.60 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं। ये तीनों एसटीपी महाकुंभ क्षेत्र के सारे वेस्ट और नाले के पानी का निस्तारण करेंगे। ये एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी पर आधारित हैं जो स्वच्छ महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करेगा।

**एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी आधारित एसटीपी**

यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज पूरे महाकुंभ में पानी की सप्लाई के साथ-साथ अस्थाई शौचालयों की सफाई व गंदे नालों के पानी के ट्रीटमेंट का कार्य भी कर रहा है। यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष यादव ने बताया की जल निगम, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, बार्क की मदद से महाकुंभ में 3 अस्थाई एसटीपी बना रहा है। ये तीनों एसटीपी महाकुंभ के दौरान करोड़ो की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वेस्ट और गंदे नालों के पानी को ट्रीट करेंगे। ये अस्थाई एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी से काम करेंगे। एचजीएसबीआर, बार्क की हाइब्रिड ग्रैन्युलर एसबीआर ट्रीटमेंट तकनीक है जो विशेषतौर पर घरेलू और आद्योगिक वेस्ट वॉटर को ट्रीट करती है।



**क्या है एचजीएसबीआर टेक्नोलॉजी ?**

एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी आधारित एसटीपी आसानी से वेस्ट वॉटर को ट्रीट कर उसके बीओडी, सीओडी लेवल को 30 से कम के स्तर पर ले आते हैं। जिसके बाद ये ट्रीटेड पानी सिंचाई, घुलाई आदि के अन्य कार्यों में या नदी में डाला जा सकता है। साथ ही ये तकनीक वेस्ट वॉटर का जैविक उपचार भी करती है जिससे गंदे पानी में पनपने वाले वायरस और बैक्टीरिया समाप्त हो जाते हैं। महाकुंभ 2025 में पहली बार इस उन्नत तकनीक के एसटीपी प्लांट लगाए जा रहे हैं।

**सेक्टर 9, 13 और 15 में लगाए जाएंगे अस्थाई एसटीपी**

यूपी जल निगम नगरीय और राष्ट्रीय संस्था बार्क मिलकर इस प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं। जल निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष यादव ने बताया कि लगभग 3.60 करोड़ रूपये की लागत से इन 3 अस्थाई एसटीपी प्लांट का निर्माण हो रहा है। ये एसटीपी महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 9, 13 और 15 में लगाये जायेंगे, जो कि पूरे मेला क्षेत्र के शौचालयों और नालों के पानी को 500 केएलडी की क्षमता से ट्रीट करेगा। जिस कारण महाकुंभ के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का अतिरिक्त दबाव शहर के अन्य एसटीपी पर नहीं पड़ेगा। मेला समाप्त होने के बाद ये एसटीपी प्रयागराज के स्थाई नालों से सम्बद्ध कर दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि ये तीनों एसटीपी 15 दिसंबर तक मेला क्षेत्र में स्थापित हो कर, कार्य करना प्रारंभ कर देंगे। सीएम योगी के स्वच्छ और स्वस्थ महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करने में ये एसटीपी महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### केंद्रीय मंत्री ने किया गांवों का दौरा, सुनी समस्याए

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**बरेली।** बरेली की तहसील बहेड़ी में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने संसदीय इलाके का दौरा कर गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण भी कराया। केंद्रीय मंत्री के सामने किसानों ने गन्ने का भुगतान न मिलने की समस्या रखी। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गांवों में सभाएं कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी करा दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने किसानों नहीं बताया कि उन्हें गत वर्ष के गन्ने के भुगतान नहीं मिला है, जिस पर उन्होंने भुगतान ने के लिए एसडीएम से कहा कि वह केसर मिल से भुगतान के लिए सख्ती से बात करें, और भुगतान के लिए एक समय सीमा तय कर लें।केंद्रीय मंत्री ने ग्राम राठ, मगरी नवादा, चुरैली, देवीपुरा गांव में देर रात तक सभाएं की। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि राठ गांव में बहगुल नदी पर एक पुल बना है। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग लगातार अड़चन लगा रहा है, और अभी तक इसका प्रस्ताव भी बनाकर नहीं भेजा है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने अधिशासी में अभियंता से नाराजगी जताई और सवाल किया कि जब इस पुल का उन्होंने बनाने के लिए आदेश किया है तो फिर अभी तक प्रपोजल बना कर क्यों नहीं भेजा गया।

उनके इस सवाल पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने आदेश दिए कि जल्द से जल्द प्रपोजल भेजकर पुल का निर्माण शुरू कराया जाए।ग्रामीणों ने केंदीय मंत्री को बताया कि बिजली विभाग के लापरवाही के चलते बिजली की तार जर्जर हालत में हैं, राठ गांव में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की जान जा चुकी है, अभी कुछ दिनों पहले सकरस गांव में हाई टेंशन लाइन को हटाने का काम शुरू न होने पर नाराजगी जताई। बिजली के जर्जर तारों के न बदले जाने पर नाराज हुए। केंद्रीय मंत्री ने बहेड़ी-मुंडिया नबी बक्स रोड, नदेली रोड, पचपेड़ा रोड के जल्द से जल्द चौड़ीकरण और नवीन निर्माण के आदेश पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए। इससे पहले केंद्रीय मंत्री को उत्तम नगर गांव के पूर्व डायरेक्टर विनोद चौधरी ने रामलला का दरबार भेंट किया। कार्यक्रम में अमरिंदर सिंह ने सरोपा भेंट किया।

## मुख्य समाचार

### अनुपस्थित 24 मतदान कार्मिकों 16 नवंबर को प्रशिक्षण लेने का अंतिम अवसर

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 ने अवगत कराया है कि खैर विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए नौरंगीलाल इंटर कॉलेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में अब तक कुल 24 प्रशिक्षणार्थी अनुपस्थित रहे हैं। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों को अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया है कि वह 16 नवंबर को अपरान्ह 2:30 बजे से 5 बजे तक नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में अपनी उपस्थित दर्ज करायें।

### पुलिस ने अवैध गांजा सहित अभियुक्त किया गिरफ्तार

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** थाना अकराबाद पुलिस टीम ने अभियुक्त आजाद पुत्र स्व0 श्री भौले खाँ निवासी आरिफ के होटल के सामने वाली गली पिलखना चौराहा पिलखना थाना अकराबाद को कुल 01 किलो 500 ग्राम अवैध गाँजा के साथ पिलखना नानऊ रोड पर जिरौली हीरा सिंह जाने वाले बम्बे की पटरी से गिरफ्तार किया।

### छात्र-छात्राओं ने स्टॉल लगाकर जानी व्यापार की बारीकियां



**शामली।** कसेरवां कला स्थित सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। ट्रेड फेयर में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने प्रोडक्ट के स्टाल लगाकर उनका प्रचार प्रसार व मार्केटिंग की बारीकियों को समझने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कालेज में आयोजित ट्रेड फेयर मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने बिजनेसमैन बनने के लिए आवश्यक जानकारी पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ अपने स्टॉल लगाकर पूरी तैयारी से व्यापार करने का प्रयास किया। इस मौके पर कालेज चेयरमैन रामपाल सिंह ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढाया।

### टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला का आयोजन



**हाथरस।** सिकंदराराऊ के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा रामवीर उपाध्याय ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया ।इस अवसर पर विशिष्ट स्थिति के रूप में कोतवाल अरविंद कुमार राठी मौजूद रहे। प्रबंधक किशनवीर सिंह एवं प्रधानाचार्य रंजना कुमार ने बुके भैंट करके तथा पटका उढाकर जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय व कोतवाल अरविंद कुमार राठी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंधक किशनवीर सिंह , प्रिंसिपल रंजना कुमार , राहुल सिंह , सतीश चंद्र सभासद , संजय यादव , ब्रजेश कुमार शर्मा ,अश्वनी कुमार , सुमन प्रकाश यादव ,संध्या जादौन, ममता सिंह आदि मौजूद थे

### बाल दिवस पर लगा दो दिवसीय मेला



**हाथरस।** सासनी-नानऊ मार्ग स्थित एसबीएस पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के जन्मोत्व को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान दो दिवसीय बाल मेला का आयोजन किया गया। गुरूवार को बाल दिवस के मौके पर आयोजित कार्रक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक डा. विकास सिंह ने पंडित जवाहर लाल नेहरू और माँ सरस्वती के छबिचित्र के सामने दीप जलाकर एवं पुष्पहार अर्पित कर किया। तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन और देश के लिए उनके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बाल मेला में बच्चों ने मिक्की माउस झूले का आनंद लिया तथा बड़े बच्चों ने विभिन प्रकार के मनोरंजक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। दो दिवसीय बाल मेले के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओ के अलावा विद्यालय वाहन चालक और परिचालकों का विशेष सहयोग रहा। दूसरी ओर गांव रूदायन स्थित केडीपी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रशांत पाठक एडवोकेट ने चाचा नेहरू के छायाचित्र के सामने दीप जलाकर एवं पुष्पहार अर्पित कर बाल दिवस मनाया । तथा बच्चो के प्रति चाचा नेहरू का लगावा और देशभक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस दौरान दीक्षा माहेश्वरी, महक पाठक, उमा भारती, श्रीमती अवदेश देवी, तथा विद्यालय के छात्र छात्रायें मौजूद थे।

# डॉ.अवनीश राही को मिलेगा भारत विभूषण

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** अलीगढ़ महानगर के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार,गीतकार एवं शिक्षाविद् डॉ अवनीश राही को राष्ट्रीय मूल्यों और विरासत को बढ़ावा देने में साहित्यिक उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार ष्भारत विभूषण-2024 से सम्मानित किया जाएगा। गीतकार डॉ ? राही को यह सम्मान 22 नवंबर 2024 को नई दिल्ली स्थित दिल्ली विधानसभा के मुख्यमंत्री सभागार में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष माननीय राम निवास गोयल जी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

यह जानकारी इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म एंड हायर एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल भूषण ने दी। उन्होंने एक पत्र जारी कर कहा कि अलीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अवनीश राही को यह ष्राष्ट्रीय सम्मानष् उनके द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनहित, समाजहित व देशहित मे किए जा रहे उनके अतुलनीय योगदान हेतु विशेष उपलब्धियों के लिए दिया जा रहा है। वर्तमान में हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज अलीगढ़ में व्याख्याता पद पर आसीन गीतकार अवनीश राही ने अब तक विविध पहलुओं पर विविध रसों से सराबोर लगभग 1000 से भी अधिक गीतों की रचना की है, जिनमें 100 ऑडियो/वीडियो कैसेट, सीडी/डीवीडी म्यूजिकल एल्बम के रूप में विभिन्न कंपनी जैसे टी-सीरीज, टिप्स, वीनस, लारा, चंदा, जेवीएल, शबनम, राहुल, सिसोदिया, ट्रेजर, साई रिकॉर्ड्स आदि से रिलीज़ हो चुके हैं, जिनमें कुमार सानू ,उदित नारायण, अनुराधा पौडवाल, अल्का याज्ञनिक, साधना सरगम, अनूप जलोटा, शाहिद माल्या, तृप्ति शाक्या, खुशबू जैन, वंदना वाजपेयी, देवाशीष दास गुप्ता, शबाब साबरी, दामोदर राव, राजा हसन सरीखे पार्श्वगायक अपनी आवाज़ दे चुके हैं। साथ ही गीतकार डॉ. राही मुंबई में बॉलीवुड हिन्दी फीचर फिल्म प्यार तो हमेशा रहेगा। मिशन ऑवर और राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के लिए गीत लिख रहे हैं।

# बाल दिवस पर शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा नगर निगम बाल दिवस के अवसर पर बच्चों से शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिये सहयोग की अपील करता है।

उन्होनें कहा कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति सेवा और स्वच्छ भारत मिशन के उदेश्यों से परिचित कराने के उदेश्य से जल्द नगर निगम नगरीय क्षेत्र के सभी स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित करेगा।

जिसमें प्रत्येक सप्ताह दो दिन नगर निगम स्कूल में बच्चों को स्वच्छता के ऊपर एक विशेष पीरियड देगा। जिससे बच्चें स्वच्छता, हाईजीन, प्लास्टिक कैरी बैग, स्वच्छ भारत मिशन के उदेश्यों के प्रति जागरूक हो सके। जीआईसी में आयोजित अभियान में प्रधानाचार्या आरपी सिंह तोमर, अवधेश यादव, सुखवीर सिंह, ब्रजेश शाही, मुनीश यादव, मीडिया सहायक अहसान रब, विनय, अभिनव, रजत आदि मौजूद थे।

## बच्चों को शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण की आवश्यकता का दिया मूलमंत्र

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** मण्डलायुक्त चैत्रा वी0 द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। कमिश्नर चैत्रा वी. एवं उप श्रम आयुक्त सियाराम द्वारा मॉ सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, समूह नृत्य-कालवेलिया एवं नाटक-बेजुबानों की मार्मिक पीडा समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। मण्डलायुक्त ने छात्र-छात्राओं को पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं बाल दिवस के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण पर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित व स्वस्थ बचपन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार आते हैं। उन्होंने इस दौरान अध्ययनरत बच्चों के साथ भोजन कर मेस की व्यवस्था की भी जांच की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रोहित सारस्वत समेत अन्य अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बम ब्लास्ट साजिश की बात निकली फर्जी

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** अलीगढ़ रेलवे स्टेशन बम ब्लास्ट साजिश की सूचना पर सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ते एक्टिव हो गए थे। बम ब्लास्ट साजिश की सूचना पर सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ते एक्टिव हो गए थे। पुलिस को यह सूचना देने वाला ई-रिक्शा चालक ने नशे की स्थिति में पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद आरपीएफ, लोकल पुलिस के साथ एटीएस भी एक्टिव हो गई थी। जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने पाया कि यह बात करने वाले दोनों कश्मीरी युवक भी निर्दोष हैं। उनसे गहन से पूछताछ करने के बाद यह बात सामने आई है, जिसके बाद उन्हें छोड़ भी दिया गया है।

वहीं इन युवकों का एएमयू से भी कोई संबंध नहीं पाया गया है। हालांकि इस बारे में अभी सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी हुआ है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भमोला चौकी इंचार्ज को 8 नवंबर को एक ई-रिक्शा चालक ने सूचना दी थी कि उनसे दो कश्मीरी युवकों को बम ब्लास्ट करने की साजिश करते सुना है। रिक्शा चालक ने पुलिस को बताया था कि दोनों युवक 7 नवंबर की रात लगभग 10:30 बजे ट्रेन से आए थे। इसके बाद वह उन्हें छोड़ने गया था।

इस दौरान उसने सुना था कि वह दोनों रेलवे स्टेशन पर बम ब्लास्ट करने की बात कर रहे थे। ई-रिक्शा चालक से यह बात पता चलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई थी। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और एटीएस ने भी सुरक्षा की कमान संभालते हुए जांच शुरू कर दी थी।

# छात्राओं को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** आईआईएमटी कालेज 40 बेटियों को मिली स्कॉलरशिप की ओर से होनहार छात्राओं को किया गया। प्रोत्साहित, 49 कालेज की स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, बेटियां अपनी शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में बेटों से आगे बढ़ रही हैं। इसलिए हर बेटी को मन लगाकर पढ़ना चाहिए, जिससे वह अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करे। आईआईएमटी कालेज के स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मानवेंद्र सिंह ने 40 होनहार छात्राओं को स्कॉलरशिप वितरित की और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आईआईएमटी कालेज के चेयरमैन पंकज महलवार की मां शांति महलवार की याद में पिछले तीन साल से यह स्कॉलरशिप योजना संचालित की जा रही है। कालेज के प्रिंसिपल शंभू केएन रावत ने बताया कि 2021 से लगातार कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं को स्कॉलरशिप दी जा रही है। स्कॉलरशिप परीक्षा के जरिए होनहार छात्राओं का चयन किया जाता है और फिर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस साल 49 कालेजों की लगभग 20 हजार छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुई थी।

इसमें से 40 का चयन किया गया था। इन 40 छात्राओं के साथ पिछले वर्ष की 40 छात्राओं को भी इस वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। कार्यक्रम के बाद कालेज के चेयरमैन पंकज महलवार और प्रिंसिपल शंभू केएन रावत ने मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मानवेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कोऑर्डिनेटर कुलदीप गौड़, इंदु सिंह, असीम अग्रवाल, सचिन समेत विभिन्न लोग मौजूद रहे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत की तिथि हुई परिवर्तित

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी. द्वारा 28 नवंबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जाने वाली मण्डलीय पेंशन अदालत अपरिहार्य कारणों से अब 27 नवंबर को अपरान्ह 01 बजे से आयोजित की जाएगी।

अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा मंडल आगरा महिमा चन्द ने उक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि पेंशन अदालत में अपने-अपने पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए संबंधित पेंशनर या सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगरा मण्डल के जिलाधिकारी प्रांगण एमजी रोड, आगरा स्थित कार्यालय में 19 नवंबर तक दस्ती रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है।

उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़, हाथरस, एटा व कासगंज अथवा अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा मण्डल, आगरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि पेंशन निदेशालय की वेबसाइट https://pensiondirectorate.up.gov.in से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

## विभागीय कार्यों की खराब प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली,( क्रांति कुमार )।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिये। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि यदि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आतीं हैं तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में समीक्षा करते हुए डीएम ने समस्त आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ की उपस्थिति बायोमेट्रिक द्वारा लगाने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने दवाओं का रिकार्ड इंडेट के अनुसार रजिस्टर में अंकन होना चाहिए के भी निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए उपकेन्द्र पर समस्त एएनसी को आशा, एएनएम द्वारा ट्रेक करने हेतु निर्देशित किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीएचएनडी पर विजिट करना सुनिश्चित करें।

बैठक में बीएसए,शामली को आरबीएसके टीम का माइक्रोप्लान के अनुसार विजिट करने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने जनपद में प्रसव केन्द्रों का चिन्हीकरण कर वहां पर आवश्यक लॉजिस्टिक उपलब्ध कराकर शतप्रतिशत प्रसव कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जनपद में एएनएम की पोस्टिंग को सही से कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को कहा गया। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अनिल कुमार, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, डीपीएम और पार्टनर एजेसी के प्रतिनिधि आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 15 लाख कीमत की गांजा पत्ती के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली,( क्रांति कुमार )।** एसओजी शामली व थानाभवन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 50 किलो 300 ग्राम गांजा पत्ती बरामद व तस्करी में प्रयुक्त एक सेंट्रो कार भी बरामद की है। बरामद मादक पदार्थों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 15 लाख रुपये बतायी गयी है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। गुरुवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसओजी शामली व थानाभवन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान कादरगढ नागल पुलिया चौकी के निकट से दो मादक पदार्थ तस्करों नदीम पुत्र नसीम व वकील पुत्र युसुफ निवासीगण गांव घोघरी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने सेंट्रो कार में पिछली सीट पर रखे तीन प्लास्टिक के कट्टों से 50 किलो 300 ग्राम गांजा पत्ती भी बरामद की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 15 लाख रुपये है। पुलिस ने कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पूछताछ करने पर तस्करों ने बताया कि वे अपने एक अन्य साथी नीटू के साथ उक्त माल को उडीसा से लेकर आए थे। गांजा पत्ती को वे लोग जगह-जगह घूमकर बेचते हैं जिससे अच्छी बिक्री हो जाती है। उनका साथी नीटू रास्ते में ही किसी काम से उतर गया था और उक्त माल को वे बेचने के उद्देश्य से शामली आए हुए थे। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि इस मामले में फरार आरोपित नीटू की भी तलाश की जा रही है। दोनों तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस मौके पर थानाभवन थाना प्रभारी वीरेन्द्र कसाना, एसओजी प्रभारी सुदेश कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# नियम विरुद्ध निर्माण के चलते मोहता आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका को एसडीएम ने जारी किया नोटिस,प्रशासन फैक्ट्री को कर सकता है सील

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** लहरा रोड स्थित श्री मोहता आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड को प्रशासन किसी भी समय सील कर सकता है। विनियमित क्षेत्र नियम प्रधाधिकारी एसडीएम नीरज शर्मा द्वारा फर्म की संचालिका के नाम 8 नवंबर को नोटिस जारी कर दिया है। स्मरण हो कि तत्कालिन एसडीएम द्वारा 26 दिसबर 2022 को की गयी कार्यवाही के बाद श्रीमति मोहता हाईकोर्ट चली गयी थी। उन्होने बताया था कि उनकी फर्म उघोग नगरी सी-7 मे संचालित है। आयुवेदिक औषधियो का निर्माण करके जन स्वास्थ्य में सहयोग कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। उनकी सम्पत्ती को बदनीयती से हडपने की नीयत से सुनियोजित योजना के तहत उनके पूर्व सहयोगियों द्वारा झूठी शिकायत की है , उनके उद्योग द्वारा कोई प्रदूषण नहीं किया जा रहा है, औधोगिक यूनिट द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति की दवाइयों का निर्माण प्राकर्तिक जड़ी बूटियों का प्रयोग करके किया जाता है। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का भी वह पालन कर रही है। एसडीएम द्वारा भेजे गये नोटिस मे बताया कि निवेदिता मोहता द्वारा अपने अधिवक्ता के बीमार होने का उल्लेख करते हुए 4 जुलाई 2023 को अग्रिम तिथि नियत करने का प्रार्थना पत्र दिया था। 18 जुलाई 2023 की तिथि नियत की गयी लेकिन श्रीमती मोहता व उनके अधिवक्ता की ओर से उक्त आपत्ति के क्रम में किसी भी प्रकार के साक्ष्य एवं लिखित अभिकथन प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे उनकी फर्म हाथरस नगर की महायोजना के तहत आवासीय क्षेत्र से बाहर होने की पुष्टि हो सके जबकि उनके कार्यालय द्वारा 26 दिसबर 2022 को नोटिस जारी किया गया था। और 10 नवबर 2023 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ही बन्द किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। औद्योगिक गतिविधियों हाथरस नगर की महायोजना के आवासीय क्षेत्र में अनुमति नहीं दी जा सकती है, उक्त स्थल पर हाथरस महायोजना 2021 में भू-उपयोग के विरूद्ध आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है जिसकी अनुमति नही दी जा सकती है। उक्त स्थल पर किया गया निर्माण पूरी तरह अवैध है नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड विनियमित क्षेत्र के लिये गये निर्णय के अनुसार प्रश्नगत अवैध निर्माण को नियमानुसार सील किया जाना उचित व आवश्यक है। एसडीएम ने विनियमित क्षेत्र हाथरस के संचालन हेतु बनाये गये नियमो के अनुसार प्रश्नगत अवैध रूप से निर्मित भवन को सील किये जाने के लिये श्रीमति मोहता को नोटिस जारी करते हुये कहा कि अवैध भवन को किसी भी कार्य दिवस में सील किया जा सकता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई- ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल- वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-PYGS-MaChr-75-24-1 (Misc Static-Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 14.11.2024 3544/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुख्य समाचार

### मौसम में परिवर्तन से बढ रही बीमारियां



**शामली।** शहर के राजकीय चिकित्सालय व जिला संयुक्त चिकित्सालय में भी मौसम में परिवर्तन के चलते बीमार लोगों की भीड बढ रही है। ज्यादातर मरीज नजला, जुकाम व बुखार से पीडित होकर उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक भी मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। गुरुवार को सरकारी चिकित्सलयों के अलावा प्राइवेट चिकित्सालयों में भी बीमार लोगों की भीड दिखाई दी। चिकित्सकों का कहना है कि बदल रहा मौसम स्वास्थ्य को बिगाड रहा है, इसमें जुकाम व बुखार के सबसे ज्यादा मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। उन्होंने इस मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### अपर जिलाधिकारी ने उर्वरक बिक्री केंद्र इफको गौरीगंज का किया निरीक्षण




**अमेठी।** जिलाधिकारी द्वारा रबी फसल की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में किसानों को सुचारू रूप से डीएपी एवं अन्य उर्वरकों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश के क्रम में आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित सभी उपजिलाधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों एवं साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी जगह सुचारू रूप से डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का वितरण करते पाया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा इफको केंद्र गौरीगंज का निरीक्षण किया गया यहां पर उनके द्वारा स्टाक रजिस्टर, टोकन के अनुसार किसानों को उर्वरक वितरित किए जाने सहित अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताते चलें कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है किसान अपने नजदीकी उर्वरक बिक्री केंद्र पर जाकर खतौनी व आधार कार्ड के साथ निर्धारित/संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं

### बहेड़ी पुलिस ने तमंचे के साथ एक को भेजा जेल




**बरेली।** बरेली में बहेड़ी कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अमित कुमार अपने साथियों कॉन्स्टेबल विनय कुमार व शिवांशु राठी के साथ मंडनपुर शुमाली से ग्राम आखा को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान एक युवक जो मंडनपुर शुमाली रेलवे क्रॉसिंग की ओर से आ रहा था पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी का युवक को आयत स्वीट्स दुकान से करीब 100 मीटर की दूरी पर ढकिया की ओर जाने वाले रास्ते पर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रविंद्र पुत्र बांधू राम निवासी ग्राम गरीबपुरा थाना बहेड़ी बताया जिसके कब्जे से पुलिस को एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपाइयों ने बुथ गठन को लेकर की कार्यशाला




**शाही।** गुरुवार को कस्बा शाही में भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान ब संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी सीतापुर विधायक ज्ञानेंद्र तिवारी ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया 15 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक बूथ अध्यक्षों का चुनाव होना है। जिसमें चुनाव अधिकारी प्रत्येक बूथ पर जाकर बूथ अध्यक्ष का चयन कर बूथ समिति बनायेगा। जिसमें हर समाज के व्यक्ति का होना जरूरी है। कार्यशाला जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ने बूथ अध्यक्षों के चुनाव अधिकारी नियुक्त दिशा निर्देश दिए । मंडल अध्यक्ष शिवम शर्मा ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक डीसी वर्मा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, राहुल साहू, शाही चेयरमैन वीरपाल मौर्य, बूथ अध्यक्ष, शक्ति संयोजक, शक्ति प्रभारी, अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपी में और 'ताकतवर' होगा अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने वाला अभियोजन विभाग

**योगी सरकार ने नये संयुक्त अभियोजन कार्यालय के लिए 11 जिलों में आवंटित की जमीन**

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को मजबूत और पुख्ता करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। यही वजह है कि सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में बड़ी तादाद में अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सलाखों के पीछे धकेला है। इसी क्रम में योगी सरकार यूपी पुलिस के अभियोजन विभाग को और सशक्त करने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालयों की स्थापना करने जा रही है। इसके लिए इन सभी जिलों में विभाग के कार्यालय के लिए जमीन आवंटित कर दी गयी है। वहीं निर्माण कार्य के लिए बजट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासन से बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा ।

**संतकबीर नगर में एक एकड़ में बनेगा संयुक्त अभियोजन कार्यालय**

अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में नये संयुक्त अभियोजन कार्यालयों की स्थापना के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में प्रदेश के 11 जिलों श्रावस्ती, चंदौली, चित्रकूट, बांदा, संतकबीर नगर, गाजियाबाद, महाराजगंज, ललितपुर, सोनभद्र, औरैया और फिरोजाबाद में जमीन आवंटित कर दी गयी। संतकबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप जिले में संयुक्त अभियोजन कार्यालय और आवास के लिए ग्राम बड़गो में 0.405 हेक्टेयर अर्थात एक एकड़ जमीन आवंटित कर दी गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह जमीन गाटा संख्या 725, 727, 728, 729 एवं 730 में दर्ज है। इस जमीन का तहसीलदार द्वारा चिह्नांकन भी कर दिया गया है। चिह्नित भूमि पर भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा प्रस्तुत एस्टीमेट 740.64 लाख एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा एस्टीमेट 793.02 लाख को पुलिस महानिदेशक अभियोजन निदेशालय को उपलब्ध करा दिया गया है।

**अपराधियों को सजा दिलाने में आएगी और तेजी**

एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि संयुक्त अभियोजन कार्यालय के लिए श्रावस्ती में 1 एकड़ जमीन ग्राम गलकटवा, परगना एवं तहसील भिनगा में आवंटित की गयी है। इसी तरह चंदौली के ग्राम धुरीकोट, परगना मझवार, तहसील एवं जनपद चंदौली में 0.100 हेक्टेयर, चित्रकूट के ग्राम तरौंहा रूरल, परगना एवं तहसील कर्वी में 0.050 हेक्टेयर, बांदा के ग्राम मवई बुजुर्ग तहसील बांदा में 0.770 हेक्टयर और गाजियाबाद के ग्राम नूरनगर परगना लोनी तहसील गाजियाबाद में 0.1000 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गयी है। वहीं महराजगंज में जिला मुख्यालय परिसर में 30 गुणा 50 मीटर, ललितपुर के अंदर हद परगना एवं तहसील ललितपुर में 20 गुणा 30 मीटर, सोनभद्र में 2.0240 हेक्टयर भूमि ग्राम रोप, तहसील राबट्सगंज परगना बडहर, औरैया के ग्राम ककोर बुर्जुग में 0.093 हेक्टेयर और फिरोजाबाद में कलेक्ट्रेट परिसर में 3500 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गयी है। इन सभी कार्यालय के निर्माण से अभियोजन प्रक्रिया में और भी सुधार होगा। इससे अपराधियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई में तेजी आएगी और न्यायालयों में मामलों का समाधान जल्दी होगा। वहीं न्यायिक प्रणाली पर दबाव कम होगा और मामलों का निष्पक्ष तरीके से जल्दी समाधान होगा।

# समस्त पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं जमा–मुख्य कोषाधिकारी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में मुख्य कोषाधिकारी ने पेंशन आहरित करने वाले समस्त सम्मानित पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि जिन पेंशनरों को माह नवम्बर एवं दिसम्बर में अपना जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में जमा करना है। ऐसे समस्त पेंशनर अपना जीवनप्रमाण पत्र ऑनलाईन वेबसाइट www.jeevanpraman.gov.in पर स्वयं लॉगिन करके अथवा अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर में जीवन प्रमाण और आधार को इंस्टाल करके तथा उसमे अपना आधार नंबर, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई0डी0 को सबमिट कर ओ0टी0पी0 के माध्यम से अपनी पेंशन सम्बन्धी समस्त जानकारी को फीड कर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस/जनसेवा केन्द्र में अपने आधार की डिटेल देकर तथा बायो मैट्रिक इम्प्रेशन के माध्यम से भी अपना जीवन प्रमाण पत्र सबमिट कर सकते हैं। इस प्रकार कोषागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है तथा इस अवधि में कोषागार में अत्यधिक भीड़ होने के कारण होने वाली समस्याओं से भी बच सकते हैं।

## वृद्ध को सांप ने डंसा

**हाथरस।** कोतवाली सासनी क्षेत्र के गांव गोपालपुर भूतपुरा निवासी एक वृद्ध को सांप ने डंस लिया। परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। जहां से उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया है। वृद्ध की मौत से परिवार के लोगों में भारी कोहराम मच गया है। गांव गोपालपुर भूतपुरा निवासी करीब 65 वर्षीय चैब सिंह पुत्र बिशनलाल रात्रि में जब अपने घर पर तख्त पर पर लेटे हुए सो रहे थे। तभी एक सांप ने उनके पैर में डंस लिया। वृद्ध चैब सिंह की मौत के बाद उनके परिवार में मातम छा गया है। उन्होंने अपने पीछे अन्य परिजनों के अलावा 6 संतानों को रोते बिलखते छोड़ा है।

# बाल दिवस पर शिक्षकों व बच्चों ने किया चाचा नेहरू को याद

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर स्कूल और दूसरे संस्थानों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए। चाचा नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के नाम से पूरे देश में मनाया जाता है इस दिन को बच्चों को समर्पित करते हुए शिक्षक बच्चों से कई तरह की प्रतियोगिताएं कराते हैं, बच्चे भी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने लिए बेस्ट प्राइज हासिल करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी जिले में 14 नवंबर को बाल दिवस के दिन को तमाम शिक्षण संस्थानों में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चंदपुर जोगियान में बाल मेले का आयोजन किया गया, मेले में बच्चों ने स्कूल स्टेशनरी के साथ चाट-पकौड़ी, खेल-खिलौनो की दुकानें सजाई, वहीं बाल ?दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न खेलो का भी आयोजन किया गया, जिसमें कैरम, बेडमिटन, खो-खो प्रतियोगिता मुख्य रूप से रही। प्राथमिक विद्यालय चंदपुर जोगियान में अनुश्रवण पर आए हुए एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ धरमपाल सिंह यादव ने बच्चों द्वारा लगाए गए बाल मेले पर बच्चों का उत्साह वर्धन किया साथ ही अनुश्रवण में पाए गए निपुण बच्चों के साथ कक्षा एक के सभी 11 बच्चों को स्टेशनरी देकर बाल दिवस पर उन्हे उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कल्पना शर्मा, नैंसी अग्रवाल, पारुल यादव, ज्योति मौर्य, कामना के साथ ममता कुमारी ने बच्चों को मेला लगाने में सहयोग किया। वहीं एक अन्य प्राथमिक विद्यालय गौतारा में बाल मेले का आयोजन किया गया, इस अवसर पर ग्राम प्रधान पंकज गंगवार और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मानेंद्र सिंह यादव ने चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं बच्चों को उपहार बांटे। इसके पश्चात विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया, विद्यालय के बच्चों ने बहुत उत्साह से इस बाल मेले में प्रतिभाग किया और दही-जलेबी पकौड़ी, पॉपकॉर्न और विभिन्न तरीके के स्टाल लगाए, विद्यालय के बच्चे एवं सभी आगंतुकों ने स्टॉल से बनाई गई सामग्री का स्वाद चखा, ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि प्रधानाध्यापक कल्पना पांडेय और उनके स्टाफ द्वारा किया गया आयोजन बहुत ही सुंदर सराहनीय और सफल रहा, इस अवसर पर ग्राम प्रधान पंकज गंगवार ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मानेंद्र सिंह यादव, राजेश्वरी यादव, सौरभ कुमार, शिल्पी आशा रानी, जेनिफर, जमुनावती आदि मौजूद रहे।

# शहरी और ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार के वृहद अवसर दे रहा है प्रयागराज महाकुंभ

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को एक तरफ जहां योगी सरकार दिव्य और भव्य बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ श्रमिकों के लिए भी रोजगार का एक बड़ा अवसर साबित होने जा रहा है। महाकुंभ में विभिन्न कार्यों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार दिया जा रहा है। जिला नगरीय विकास अभिकरण और श्रम विभाग की इसमें अधिक सहभागिता है।

**जिला नगरीय विकास अभिकरण दे रहा 1100 कुशल और अकुशल श्रमिकों को रोजगार**

प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ से हजारों बेरोजगार हाथों को काम भी योगी सरकार दे रही है। श्रम विभाग , पर्यटन के अलावा जिला नगरीय विकास अभिकरण भी इसमें अग्रणी है। प्रयागराज की जिला नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा ) परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव बताती हैं कि इस बार महाकुंभ में डूडा की तरफ से 1100 से अधिक स्किल्ड और अन स्किल्ड श्रमिकों को अस्थाई रोजगार दिया जा रहा है। मेला प्राधिकरण , नगर निगम प्रयागराज और सहायक निदेशक स्वास्थ्य की मांग पर ये श्रमिक उपलब्ध कराए जा रहे हैं जो महाकुंभ के कार्यों में लगाए जायेंगे। आपूर्ति किए जा रहे श्रमिकों में सबसे अधिक मेला प्राधिकरण को 480 ड्राइवर, 160 हेल्पर और 24 सुपरवाइजर दिए जा रहे हैं । इसके अलावा नगर निगम को 300 सफाई कर्मी, 50 ड्राइवर, 40 मलवा श्रमिक और 20 माली डूडा उपलब्ध करा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को डूडा की तरफ से 97 कंप्यूटर ऑपरेटर्स दिए जा रहे हैं। इन श्रमिकों को महाकुंभ के आयोजन की अवधि में अस्थाई रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

**श्रम विभाग की तरफ से 25 हजार श्रमिकों को महाकुंभ में मिलेंगे रोजगार के अवसर**

श्रमिक वर्ग को रोजगार से संयुक्त करने के लिए प्रदेश के श्रम विभाग की तरफ से किए जा रहे प्रयासों के अतिरिक्त प्रयागराज में 2025 में लगने जा रहा महाकुंभ भी इसके लिए बड़ा जरिया बनेगा। उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा बताते हैं कि महाकुंभ की तैयारियों में 25 हजार से अधिक श्रमिकों को काम दिया जा रहा है । महाकुंभ के विभिन्न विभागों के कार्यों को कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से इन श्रमिको का अस्थाई रोजगार दिया जाएगा। श्रम विभाग में इन श्रमिकों का पंजीयन कराया गया है ताकि प्रदेश सरकार की श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं से इन्हे आच्छादित भी किया जा सके।

# भोजीपुरा पुलिस द्वारा गौकशी की घटना करने वाले दो शातिर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में 9 नवंबर 2024 को थाना भोजीपुरा, बरेली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जालिम नगला में ईख के खेत में तालाब किनारे अज्ञात व्यक्तियो द्वारा गोवंशीय पशु का वध करके अवशेष को मौके पर ही फेंक देने के सम्बन्ध में गौवध निवारण अधिनियम के चलते कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस की विवेचना में नईम पुत्र तन्हे उर्फ तून्ने उर्फ कमाल निवासी ग्राम डहिया थाना भोजीपुरा और गुड्डू पुत्र कुदरत निवासी वार्ड 05 टाण्डा थाना भोजीपुरा, शाहिद पुत्र साविर निवासी धौराटाण्डा थाना भोजीपुरा, वाहिद पुत्र भूरा निलासी ग्राम टाहप्यारी नवादा थाना नवाबगंज, कल्लू उर्फ बाबु पुत्र इनायतउल्ला निवासी ग्राम टाहप्यारी नवादा थाना नवाबगंज, फईम उर्फ फहीम पुत्र शेरा निवासी धौरा टाण्डा थाना भोजीपुरा, जाहिद उर्फ अन्डा पुत्र भूरा निवासी ग्राम टाहप्यारी नवादा थाना नवाबगंज का नाम प्रकाश में आया था। जिसके बाद गुरुवार 14 नवंबर को थाना भोजीपुरा पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी, निरीक्षक अपराध श्रवण कुमार, उप निरीक्षक सुशील कुमार, कांस्टेबल सचिन, श्रवण कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर गौकशी करने वाले अपराधी नईम पुत्र तन्हे उर्फ तून्ने उर्फ कमाल निवासी ग्राम डहिया थाना भोजीपुरा और गुड्डू पुत्र कुदरत निवासी वार्ड न 05 टाण्डा थाना भोजीपुरा को समय 04.56 बजे न्यौधना की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे गौकशी करने के उपकरण तथा एक अपाचे मोटरसाईकिल बरामद हुई। मौके से 5 अभियुक्तगण जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दविश दी जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार किये गए अभियुक्तगण द्वारा अपने साथियों के साथ 4 दिन पूर्व ग्राम जालिम नगला के जंगल मे गन्ने के खेत हुई गौकशी की घटना को कारित करना भी स्वीकार किया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पीएम श्री स्कूल रामगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत पीएम श्री स्कूल रामगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से किताब पढ़वाया तथा बच्चों से शिक्षकों द्वारा पढ़ाये जाने की स्थिति की जानकारी ली, बच्चों की उपस्थिति को भी देखा। आज 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बधाई दी तथा उन्हें चाकलेट वितरित किया। इसके साथ ही उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ना को कहा, तथा विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# महाकुंभ की तैयारियों की स्वयं सीएम योगी कर रहे हैं नियमित मॉनिटरिंग

**महाकुंभ की तैयारियों को समय पर पूर्ण किए जाने को लेकर लोक निर्माण विभाग प्रतिबद्ध**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज में सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 की तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। सभी विभागों को अपनी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी स्वयं सभी परियोजनाओं की समय समय पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग ने नवंबर माह के अंत तक सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लोक निर्माण विभाग ने अब तक मेला क्षेत्र और मेला क्षेत्र के बाहर की कुल 89 में से 47 परियोजनाओं को पूरा कर लिया है। वहीं 10 और कार्यों को 15 नवंबर तक, जबकि शेष 32 परियोजनाओं को 30 नवंबर तक पूरे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**30 नवंबर तक संपन्न होगा कार्य**

यदि मेले के बाहर की परियोजनाओं को देखा जाए तो इस पर बहुत तेजी से कार्य हुआ है। इसके तहत कुल 83 परियोजनाओं में से 47 पूरी हो चुकी हैं तो 15 नवंबर तक 10 और परियोजनाएं पूरी की जाएंगी, जबकि 30 नवंबर तक 26 अन्य परियोजनाएं पूर्ण होंगी। मेला क्षेत्र में 6 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य जारी है, जिन्हें 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 1428.68 करोड़ है।

**15 दिसंबर तक पूरा होगा रोड्स का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण**

मेला क्षेत्र के बाहर की परियोजनाओं जैसे एयरपोर्ट रोड, रसूलाबाद घाट रोड और फाफामऊ-सहसो रोड का निर्माण कार्य 30 नवंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अन्य प्रमुख कार्यों में 15 प्रमुख चौराहों का विकास 30 नवंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी तरह 92 सड़कों का पुनर्नवीनीकरण कार्य 10 दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 17 सड़कों का सौंदर्यीकरण 15 दिसंबर 2024 तक पूरा होगा।

**मेला क्षेत्र में तेज गति से हो रहा कार्य**

मेला क्षेत्र के विशेष कार्य भी तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। 2,69,000 चेकर्ड प्लेटों की आपूर्ति पूरी हो चुकी है।वहीं, 3308 पाण्टून का उपयोग करते हुए 30 पाण्टून पुलों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, 12 संवैधानिक भाषाओं और 6 यूएन भाषाओं में 1500 साइनेजेज लगाने का कार्य जारी है। इसी तरह, 488 किमी अस्थाई सड़कों की योजना को भी क्रियान्वित किया जा रहा है। वहीं, 148 पार्किंग क्षेत्रों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

# कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों के लिए ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से कृषकों का किया गया चयन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रु 10000.00 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंन्त्र / कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि का ई-लॉटरी जनपद स्तर पर जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति की उपस्थिति में की गयी। जनपद के समस्त विकास खण्डों में 343 कृषको द्वारा आवेदन किया गया जिसमें से लक्ष्यानुसार 59 कृषको के चयन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पादित की गयी। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतिक्षारत कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है, लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थियो द्वारा निर्धारित समयावधि में यंन्त्र न क्रय करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन किया जायेगा, ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्रगतिशील कृषक, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि एवं आवेदक कृषकगण उपस्थित रहे। जनपद में कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी हेतु दानबहादुर जामों, विमला देवी बहादुरपुर, शिवगोपाल गौरीगंज, सन्तोष सिंह जगदीशपुर आदि, स्माल गोदाम हेतु राधेश्याम तिलोई, राममिलन शाहगढ, मिनीराइस मिल हेतु रवी कुमार शाहगढ, आनन्त विक्रम भेटुआ, कम्बाइन हार्वेस्टर हेतु शान मो0 बहादुरपुर, रोटावेटर हेतु धर्मादेवी अमेठी, राजेश सिंह गौरीगंज, महेश प्रसाद जगदीशपुर, दुर्गा प्रसाद मुसाफिरखाना इत्यादि कृषकों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन हुआ है।

## मुख्य समाचार

### दृश्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं वितरण संघ( हाफेड) लखनऊ और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग( एपिडर) नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी आगरा के सभागार में दृश्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम, सीपीआई कृषि विज्ञान केंद्र, जिला उद्यान अधिकारी आगरा, आपदा नई दिल्ली और कृषि विपणन निर्यात निदेशालय आदि के वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा आलू की चौड़ाई के बारे में बताया गया। इसके उपरांत प्रबंधन विषय पर तकनीकी जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 80 कृषको द्वारा भाग लिया गया।

### बाल दिवस पर सी लाल पब्लिक स्कूल के बच्चों पहुंचे आगरा किला



**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** बाल दिवस को सी लाल पब्लिक स्कूल हनुमान नगर के अनोखे रूप में मनाया। बच्चों का टूर आगरा किला पहुंचा। जहां बच्चों ने मुगल बादशाहों की बेजोड़ नक्काशी देखी और विशाल किला का भ्रमण किया। बच्चों ने दीवाने आम, दीवाने खास, अंगूरी बाग आदि जगहों को देखा। इसके साथ ही स्कूल की शिक्षिकाओं काजल और शिल्पी ने बच्चों को मुगल कालीन इतिहास के बारे में जानकारियां दीं। आगरा किला का भ्रमण करने का सुखद अनुभव लेकर बच्चे बिजली घर पर बने आंबेडकर पार्क में गए। इस दौरान अंबेडकर पार्क में फ्रेशमेंट किया। इसके बाद बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। इस मौके पर बच्चों ने टूर का जमकर आनंद लिया।

### बाल दिवस पर एमडी पब्लिक स्कूल में कराई दौड़ प्रतियोगिता




**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** एमडी पब्लिक स्कूल बुढाना में बाल दिवस के उपलक्ष में गोगा जी परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बालक एवं बलिकाओ की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि गोगा जी परिवार संगत आगरा के मुख्य सेवादार अन्नू महाराज जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया एवं उन्ही के द्वारा पुरुषकार वितरण किया गया। बालक वर्ग मे प्रथम- सचिन, द्वितीय- प्रियांशु, तृतीय कृष्णा एवं बालिका वर्ग में प्रथम कु. मगन, द्वितीय- कु. प्रांजली, तृतीय- कु. खुशी रहे। इस दौड़ प्रतियोगिता में सेकडों बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य रूप से दीमान सिंह वैद्य, मास्टर शिवशंकर यादव ,मास्टर हरीभजन सिंह, मास्टर अनिल कुमार, धनपाल सिंह दिनूप यादव (लल्लू नेता) डोरीलाल यादव, उदय यादव, परमहंस ,ओमप्रकाश, देविन्द्र यादव (नेता जी ,) सत्यवी सिंह, अमरजीत, अमरपाल, लोकेश, वंशी यादव एवं समस्त के के डी सी के सदस्य आदि उपस्थित रहे। एम डी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक- कमलेश जी और अशोक यादव एवं संचालक- रामलाल यादव ने किया।

### आगरा में सीजन का पहला कोहरा

**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** सीजन के पहले कोहरे ने ट्रेनों और एक्सप्रेस-वे पर यातायात को प्रभावित किया। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट आई और सुबह करीब 7 बजे 18 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शहर में कोहरा कम था, लेकिन बाहरी क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई। इस कोहरे के कारण कई सुपरफास्ट ट्रेनें, जैसे वंदे भारत, शताब्दी और गतिमान, दो घंटे तक की देरी से चल रही हैं। नई दिल्ली-भोपाल ट्रेन लगभग 1 घंटा 46 मिनट की देरी से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची, और नई दिल्ली-खजुराहो वंदे भारत भी लगभग 1 घंटा 41 मिनट की देरी से आई। ट्रेन देरी के चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सप्रेस-वे पर भी कोहरे का असर दिखा, जहां आगरा-नोएडा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां धीमी गति से चलीं। वाहन चालकों को कम दृश्यता के कारण हेडलाइट्स और इंडिकेटर्स का इस्तेमाल करना पड़ा, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। हालांकि शहर के भीतर कोहरे का प्रभाव कम रहा, लेकिन बाहरी क्षेत्रों और एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने वालों के लिए कोहरे का यह अनुभव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

# खुदाई से छतों और दीवारों में आई गहरी दरार

- मौत के साये में जी रहे मोतीकटरा वासी
- यूपीएमआरसी एक जन की कीमत लगाई 500 रुपए

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** प्रदेश और केंद्र सरकार की नजर में वाहवाही लूटने का भरसक प्रयास कर रही उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन इन दोनों जिंदगी और मौत के साये में झूल रहे मोतीकटरा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। अंडरग्राउंड ट्रैक डालने से मोती कटरा के आधा दर्जन से ज्यादा मकानों की छतों और दीवारों में गहरी दरार आ गई है। घरों के फर्श तिनके की तरह उखड़ गए हैं। खुदाई के दौरान कुछ घर तो दूसरे मकान पर झुक गए हैं। अगर मौसम का मिजाज जरा भी बदल जाए और बेमौसम बारिश हो जाए तो वहां कई मकान न सिर्फ जमींदोज हो जायेंगे बल्कि इनमें रहने वाले लोगों का जीवन भी संकट में पड़ जाएगा हां! इतना जरूर है कि पीड़ितों की आवाज को दबाने के लिए उन्हें 10 दिन का 500 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से मुआवजा दिया गया है।

मोतीकटरा निवासी प्रवीण और उनकी मां कुसुम ने बताया कि पिछले 27 सितंबर को मेट्रो रेल की खुदाई के दौरान जब अचानक छत के पत्थर उखड़े तो ऐसा लगा जैसे कि भूकंप आया हो, वही गौरव शर्मा ने बताया कि यूपीएमआरसी वालों ने रातों की नींद और दिन का चेन छीन लिया है। रात के वक्त सोने में ऐसा लगता है कि घर वाइब्रेट कर रहा हो। इससे दिल दहल जाता है। मोती कटरा के मकान संख्या 9/ 93 में रहने वाले संजय वर्मा ने बताया कि उनके मकान में नीचे से ऊपर तक पूरे मकान में दरार आ गई है। यहीं के 9/ 95 में रहने वाले बल्ली भगत जी ने बताया कि उनके फर्श और मकान में दीवार आने से हर समय जीवन का संकट बना रहता है। उन्होंने बताया कि वैसे तो मोती कटरा में तमाम मकान दरार आने से जर्जर हो गए है लेकिन 92 से 97 तक के मकानों का हाल बहुत बुरा है। मकान संख्या 9 / 94 में रहने वाले सुनील वर्मा, 9/96 के मकान मालिक प्रवीन वर्मा और संजय बंसल ने बताया कि यूपीएमआरसी वालों ने पीड़ित परिवारों को 10 दिन के पैसे देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर हमें मौत के साये में छोड़ दिया है।

## संगनियों ने किया डायबिटीज से लोगों को जागरूक

- विश्व मधुमेह दिवस पर करीब 488 मरीजों ने कराई डायबिटीज की जांच




पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** लायंस क्लब संगिनी कि ओर से विश्व मधुमेह दिवस पर करकुंज रोड स्थित महाराजा अग्रसेन फामेर्सी सेंटर पर निःशुल्क जाँच शिविर और जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। शुभारम्भ लायंस क्लब मंडलाध्यक्ष स्वाति माथुर ने किया। मंडलाध्यक्ष स्वाति माथुर ने कहा कि भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई युवा भी इस बीमारी का तेजी से शिकार हो रहे हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह लोगों की गलत लाइफस्टाइल और खानपान है। डायबिटीज के मरीजों को अपने आहार पर खास ध्यान रखना चाहिए।

अध्यक्ष रितु गोयल ने कहा कि मधुमेह एक तरह का मेटाबोलिक डिसऑर्डर होता है। इस बीमारी के बारे में सामाजिक संस्थाओ द्वारा इस तरह से शिविर लगा कर ही जागरूकता फैलाई जा सकती है। ताकि सब लोगों को इसके लक्षणों और कब से उपचार करवाना शुरू करना है, इस बारे में पता चल सके। शिविर में करीब 488 मरीजों ने अपनी डायबिटीज की जाँच कराई। लोगो से एक बेहतर समाज बनाने के लिए और खुद को स्वस्थ रखने के लिए शपथ भी दिलवाई।

### अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद हंगामा

## शव सड़क पर रखकर लगाया जाम, डॉक्टर पर गंभीर आरोप

प्रदीप सिंह, संवाददाता




**आगरा।** कस्बा फतेहाबाद के जेपीएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर आगरा-फतेहाबाद मार्ग जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझा बुझाकर जाम खुलवाया। अजय निवासी कबीर नगर बाईपास रोड फतेहाबाद ने बताया कि चार दिन पूर्व चार वर्षीय बेटे नितिन को बुखार आया था, तभी इलाज के लिए कस्बा फतेहाबाद के जेपीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में तबीयत में सुधार न होने के चलते डॉक्टर से कहा कि छुट्टी कर दो, वो किसी दूसरी जगह इलाज कराएंगे। इसके बाद भी डॉक्टर के द्वारा बच्चे की छुट्टी नहीं की गई। बृहस्पतिवार दोपहर को नितिन की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी और मुंह से झाग निकलने लगा। खून की उल्टी तक हो गई। तब डॉक्टर ने कहा कि इलाज के लिए आगरा अस्पताल ले जाओ। परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल जाने लगे, तभी उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा हॉस्पिटल के सामने रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर जहर का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी पर मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों को समझा-बुझाकर का जाम खुलवाया गया। परिजनों ने बच्चों का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

## दूध व्यवसायी की सिर में गोली मारकर हत्या

**देर रात एक्सप्रेसवे की कैंटीन में दूध देकर लौट रहे थे**

प्रदीप सिंह, संवाददाता



**आगरा।** फतेहाबाद में हमलावरों ने बुधवार रात सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया। लखनऊ एक्सप्रेसवे की कैंटीन में दूध देकर लौट रहे दूध व्यवसायी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे की वजह पता नहीं चल सकी है। पुलिस छानबीन में जुटी है। घटना बुधवार देर रात की है। फतेहाबाद के गांव प्रतापपुरा निवासी 30 वर्षीय मोनू शर्मा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की कैंटीन में दूध देकर बाइक से घर लौट रहे थे। उन्होंने सर्विस रोड से बाइक को गांव की तरफ कच्चे रास्ते पर मोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गोली की आवाज सुनी थी। इस पर वे मौके पर पहुंचे। देखा तो मोनू शर्मा खेत में पड़ा था। उनके सिर में पीछे की तरफ गोली लगी थी।

**खेत में लगे तारों में फंस गए दूध व्यवसायी:** वहीं, लगभग 100 मीटर की दूरी पर बाइक पड़ी मिली। बाइक पर बधी टंकी से दूध फैल रहा था। ग्रामीण आनन-फानन में मोनू को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनाक्रम के अनुसार, हमलावरों ने पीछे से गोली मारी थी। भागने के दौरान मोनू खेतों में लगे तारों में फंस गया था। गोली की आवाज सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, हमलावर भाग चुके थे। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने किसी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है। पुलिस हत्या के कारण का पता लगाने में जुटी है। मोनू शर्मा के दो बेटे हैं।

## शंकर देवी इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर लगा मेला

- उमड़ी भीड़ देख बच्चो के चहरे खिलें
- विधालय प्रशासन का रहा भर पूर सहयोग



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** श्रीमती शंकर देवी इंटर कॉलेज करभना में चाचा नेहरू के जन्म दिन के अवसर पर विधालय प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन किया गया !जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य ने किया। उप प्रधानाचार्य वीएन मिश्रा ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पं नेहरू आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। उनके बनाए गये योजनाओं का आज भी देश वासियों को मिल रहा। पंडित नेहरू को बच्चो से अधिक पयार था इस लिए इनके जन्म दिन को बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है।



चाचा नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों ने पानी पूरी भेल पूरी चावमीन मोमोज आलू टिकिया छोले भटूरे चावल छोले चना तडका जलेवी कचौडी आदि की दुकाने सजाई और जब कर बिक्री की ! मेले मे उमड़ी भीड़ ने दुकान लगाने वाले बच्चों में जमकर उत्साह जगाया।

## मधुमेह से लड़ना है, रोज व्यायाम करना है, डायबिटीज को हराना है: डा पंकज नगायच

- सिकंदरा बोदला डॉक्टर्स एसोसिएशन चिकित्सकों ने लगाया मधुमेह जागरूकता शिविर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** डायबिटीज दिवस पर ,सुबह भोर होते ही ,जोनल पार्क,शास्त्रीपुरम में सिकंदरा बदला डॉक्टर्स एसोसिएशन के चिकित्सकों ने लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। एसबीडीए एवं ,˙ के अध्यक्ष निर्वाचित डा पंकज नगायच ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कई पार्कों एवं हॉस्पिटल्स में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत कैंप लगा रहा है।डा योगेश सिंघल आईएमए उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी को मीठा कम खाने के लिए एवं वजन घटाने के लिए हम प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव डा मुकेश चौधरी ने कहा कि इंडिया डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है। नियमित व्यायाम एवं दवाइयां ही इसका इलाज प्रभावी कर सकती हैं। वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने चार्ट्स के माध्यम से समझाया कि डायबिटीज एक बारात जैसी है जो अपने साथ कई और बाराती जैसे उच्च रक्तचाप,लिवर डिजीज,आंखों ,किडनी की अन्य परेशानियां लेकर आती है। वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डा संध्या जैन ने बताया कि खाली पेट और खाना खाने के डेढ़ से दो घंटे बाद की शुगर जांच के साथ ल्लं1 जांच भी अब बहुत महत्व पूर्ण है। इसके साथ लीवर की जांच भी होनी चाहिए। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना सिंघल ने समझाया कि सभी सफेद चीजें जैसे चीनी,मैदा,नमक इत्यादि का अपने खाने में स्तिमाल कम कर-देना चाहिए। डा बीएस बघेल ने कानों पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ निधि दीक्षित ने गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज के होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ फिजिशियन डा अरुण चतुर्वेदी ने योग भगाएं रोग,पर बोलते हुए विभिन्न आसान जो डायबिटीज में कारगर हैं।

## देव दीपावली पर दीपों की श्रंखला से जगमगाया श्रीजगन्नाथ मंदिर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** श्रद्धा और भक्ति की रोशनी हर ओर जगमगा रही थी। भगवान जगन्नाथ के जयकारों संग हर ओर झिलमिलाते दीपों की अलौकिक आभा बिखरी थी। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में आज उत्साह व उमंग के साथ देव दीपावली (बैकुण्ठ चतुर्दशी) मनाई गई। कहीं सतरंगी रंगों से रंगोली सजी थी तो कहीं गेरू और खड़िया से परम्परागत अल्पना सजी थी। मंदिर परिसर ही नहीं मंदिर के आस-पास का भी पूरा क्षेत्र दीपों की झिलमिल रोशनी से जगमगा रहा था। इस्कॉन मंदिर, आगरा के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप ने बताया कि आज के दिन ही गज-ग्राह लीला (हाथी और मगर की लीला) में श्रीहरि के परम भक्त गज (हाथी) का बैकुण्ड गमन हुआ था। इसलिए आज दीपदान का विशेष महत्व है। बताया कि श्रीजगन्नाथ जी वर्ष में एक बार ही आज के दिन लक्ष्मी नरसिंह रूप में दर्शन देते हैं। श्रीहरि का यह रूप भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करने वाला है। संध्या आरती के बाद हरे राम, हरे कृष्णा... का मृदंग और मंजीरों पर कीर्तन किया, जिसमें सैकड़ों भक्त श्रीहरि की भक्ति में झूमते रहे। इसके उपरान्त भक्तों द्वारा 21 हजार दीपदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, राहुल बंसल, संजीव मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, संजीव बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, संजय कुकरेजा, विकास बंसल, शैलेन्द्र बंसल, शाश्वत, नन्दलाल दास आदि उपस्थित थे।



### दुष्कर्म के आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद

**मथुरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के पैर में गोली लगने से वो घायल हुआ है, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मथुरा के थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप एक नाबालिग बच्ची के साथ एक दरिंदे ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद बच्ची की हालत खराब होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई।

## मंडलायुक्त ने बूथों का निरीक्षण किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मथुरा।** 14 नवंबर मंडलायुक्त / रोल प्रेक्षक श्रीमती रितु माहेश्वरी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01-01-2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत तहसील गोवर्धन के प्राथमिक विद्यालय सतोहा (256 से 259) एवं तहसील सदर के पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन (372 से 374) में बने बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में मंडलायुक्त ने बी.एल.ओ से फॉर्म 6, 7 एवं 8 के प्रयोग, उनमें दावे एवं आपत्तियों के लिए दिए जानी वाली समय अवधि आदि की जानकारी ली। बी.एल.ओ द्वारा गलत जवाब देने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की पुनः प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। बैठक मंडलायुक्त / रोल प्रेक्षक रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता दिनांक 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में माननीय विधायक बल्देव श्री पूरन प्रकाश , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन आगरा राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, सदर वैभव गुप्ता, महावन आदेश कुमार, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि दिनांक 28 नवंबर 2024 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।



## रंगारंग कार्यक्रम कर मनाया बाल दिवस

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर बाल दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में बच्चों ने चाचा नेहरू वन कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कि। इंस्टिट्यूट में निबंध ,कविता, पेंटिंग आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपाध्याय पैरामाउंट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ सुनील उपाध्याय ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देकर बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। शिक्षक पलाश अग्रवाल ने बताया कि बाल दिवस बच्चों के प्रति स्नेह की भावना पैदा करता है। इस अवसर पर उपस्थित रहे डॉक्टर सुनील उपाध्याय, पलाश अग्रवाल,दिव्या सोलंकी, यश प्रजापति, अतिशय जैन,वंशिका पाराशर, महक मित्तल, राधिका मोना जयसवाल, प्रतीक कोहली, आकृति बंसल, अनमोल लवानिया , सक्षम मित्तल, चिराग आदि।



## ताजनगरी की सड़कों पर 17 को दौड़ेंगे हजारों धावक, पोस्टर का किया विमोचन

**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** ताजनगरी में आरोही सामाजिक संस्था की ओर से कुमार की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे करीब तीन हजार धावक रामबाग स्थित नवीन गल्ला मंडी समिति से दौड़ेंगे। गुरुवार को जवाहर नगर स्थित कुमार आईएएस कोचिंग पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के पोस्टर व टीशर्ट का विमोचन किया। आयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि शहर में 17 नवम्बर को कुमार की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में आगरा ही नहीं देशभर से लगभग तीन हजार से अधिक धावक 1600 मीटर की दौड़ में भाग ले रहे है। लगातार निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहे है। आरोही संस्था अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि शहरवासियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से दौड़ में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### मथुरा पुलिस ने किया घरों में हुई चोरियों का खुलासा

## आभूषण व नगदी बरामद, पीड़ितों को सामान की पहचान के लिए थाने बुलाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मथुरा।** दिवाली की रात को रिफाइनरी थाना क्षेत्र में चार घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक चोर को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिंह ने बताया कि 3 नवंबर को कृष्णा टाउन निवासी मनोज कुमार आगरा स्थित ससुराल गए थे। 5 नवंबर को लौटकर आए तो उनके घर में सामान बिखरा पड़ा था। घर में से चोर एक लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। पुष्पांजलि द्वारका निवासी अश्वनी शर्मा दिवाली का त्योहार मनाने गांव नोएडा गए थे। पीछे से चोर लाखों रुपये के जेवरात, 65 हजार रुपये चोरी कर ले गए। आजमपुर रोड निवासी संगम सिटी निवासी पूनम भाई दूज पर मायके गई थीं। पीछे से चोरों ने चोरी की वारदात कर दी। पुलिस ने हाथरस के गांव मीतई एवं हाल निवासी ग्राम नगला मद्ध थाना खंदौली निवासी मोनू को बलदाऊ टाउन में कृष्णा टाउन की बाउंड्री के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि माल बरामदगी के बाद पीड़ितों को जानकारी दी गई है जिससे वह अपने सामान की पहचान कर सकें। बताया कि पकड़ा गया चोर शातिर है।

## मुख्य समाचार

### राज्य मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**नजीबाबाद ।** समाजवादी पार्टी के नेता हाजी मोहम्मद फैसल के आवास पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री मौलाना जावेद आबादी का हुआ भव्य स्वागत। बुधवार को नगर पालिका परिषद नजीबाबाद से चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी युवा सपा नेता हाजी मोहम्मद फैसल के मोहल्ला जाब्तागंज स्थित आवास पर पूर्व राज्य मंत्री मौलाना जावेद आबादी के पहुंचने पर नजीबाबाद सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद, हाजी मोहम्मद फैसल, शमशाद अहमद पूर्व चैयरमैन बिजनौर, महमूद अली, रईस कुरैशी, अनवर मंसूब खा, शादाब हैदर, इख्तियार अहमद, हाजी कासिम, फईम अहमद, महबूब अहमद एडवोकेट, भूरे भाई , चौधरी हाजी शकील, चौधरी मुख्तार, कलीम अहमद, इजहार अहमद, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद फरमान, हाजी विशाल, अरशद उर्फ पारुल, सुजात खा, नदीम अहमद, मोहम्मद सुहैल सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियो ने उनका स्वागत किया।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में किशोरी ने लगाई फाँसी मौत



**अमेठी ।** जनपद के थाना क्षेत्र जामो के लालगंज मजरे जामो गाँव मे बुधवार की देर सायं एक किशोरी ने फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शबाना पुत्री उमर मोहम्मद उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी लालगंज मजरे जामो ने बुधवार की देर सायं जब घर के लोग बाहर गए थे नायलॉन की रस्सी के सहारे घर के अंदर कमरे में फाँसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।वापस आने पर जब घर के लोगों ने मौत के उस मंजर को देखा तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। इस सम्बंध में मृतिका की माँ मोमिना की सूचना पर जामो पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा नन्दमहर में लगने वाले मेला स्थल का किया निरीक्षण



**अमेठी ।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा आज थानाक्षेत्र जामों अन्तर्गत नन्दमहर में लगने वाले 02 दिवसीय मेला स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गयी। मेला कमेटी द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार-विमर्श कर संबंधित को निर्देशित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा व अपराधियों की निगरानी हेतु समुचित पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को महत्वपूर्ण/आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक जामो व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

### जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न



**गौरीगंज।** जिला पंचायत कार्यलय गौरीगंज अमेठी में वृहस्पतिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि की अध्यक्षता मे जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। एजेंडा बिंदु के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी ने बैठक की कार्यवायी को पढ़कर सुनाया जिसकी जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुष्टि की बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों द्वारा भी प्रस्ताव रखा गया तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास की जिलास्तरीय अधिकरियो के साथ चर्चा की गयी, बैठक में जिला स्तरीय अधिकरियो के अलावा सुरेश पासी, विधायक तिलोई तथा विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह व जिला पंचायत सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# एजेंसियों द्वारा 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 48 घंटे के भीतर हो रहा किसानों का भुगतान, अब तक किसानों को किया जा चुका 543 करोड़ का भुगतान**

पब्लिक एशिया ब्यूरो


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खरीफ क्रय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत एजेंसियों द्वारा अब तक 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। वर्ष 2023-24 में 13 नवंबर तक एजेंसियों द्वारा 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी यानी इस वर्ष 65820 मीट्रिक टन अधिक धान की खरीद हो चुकी है। किसानों को अब तक 543 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। यह दावे बताते हैं कि विपक्ष हकीकत से दूर है और उसके दावे हवाहवाई हैं। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपदों व खाद्य-रसद विभाग के आलाधिकारी क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण भी कर रहे हैं। सीएम के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी किया जा रहा है ।

**अब तक 65820 मीट्रिक टन से अधिक धान की हो चुकी खरीद**

इस समय तेजी से धान खरीद हो रही है। खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीपीसीयू, मंडी परिषद व केंद्रीय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एजेंसियों द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 तक 13 नवंबर की अवधि में 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जो इस वर्ष 65820 मीट्रिक टन बढ़कर 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो चुकी है। इस वर्ष 42845 किसानों से खरीद हुई है, जबकि पिछले वर्ष तक 35,863 किसानों से खरीद हुई थी।

**पश्चिमी यूपी में 31 जनवरी व पूर्वी उप्र में 28 फरवरी तक होगी धान खरीद**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू हुई थी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। इस अवधि में बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, झांसी तथा लखनऊ संभाग के हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में भी धान खरीद की जा रही है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली नवंबर से धान खरीद प्रारंभ हुई थी, जो 28 फरवरी तक चलेगी। इस अवधि में अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, आज़मगढ़, वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट व लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव जनपद में खरीद सुचारू रूप से चल रही है।



**48 घंटे के भीतर हो रहा भुगतान, अब तक किसानों को दिए जा चुके 543 करोड़ रुपये**

विगत सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर धान खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की थी। उन्होंने धान खरीद में तत्परता व पारदर्शिता बरतने का निर्देश देते हुए कहा था कि किसानों को हर हाल में 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाए। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। इस वर्ष किसानों को अब तक 543 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया था कि किसानों के बैठने, छाया, पेयजल आदि की बुनियादी सुविधा भी क्रय केंद्रों पर होनी चाहिए। सीएम के निर्देश के उपरांत स्थानीय प्रशासन व खाद्य-रसद विभाग की तरफ से क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्यालय से इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है।

**धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये व ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल की दर से हो रहा भुगतान**

सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये व ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई की मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति भी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4160 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित हो रहे हैं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण-नवीनीकरण कराते हुए धान की बिक्री जा रही है।

**सहायता के लिए 18001800150 पर संपर्क करें किसान**

किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया गया है। किसान इस पर संपर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे जनपदों के खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से भी संपर्क कर समस्या व शिकायत कर सकते हैं।

## अवैध कालोनी पर फिर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बिजनौर।** अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर धवस्त करा दिया। मामला बिजनौर बैराज गांव फरीदपुर काजी अग्निशमन कार्यालय जाने वाले मार्ग पर संजय गौड़ व दीपक गौड़ पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला बुखारा द्वारा गाटा संख्या 970 तथा 971 में कॉलोनी विकसित की जा रही है मंगलवार देर शाम नायक तहसीलदार फसल कमर के नेतृत्व में टीम ने पहुंच कर कॉलोनी का विनियमित क्षेत्र से मानचित्र पास में नही होने तथा धारा 80 नहीं होने पर कॉलोनी में लगाए गए विद्युत पोल हटवा दिए गए तथा प्लाट काटने के निशान को भी बुलडोजर से मिटा दिया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व जेई विनियमित क्षेत्र मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जिला जिला प्रशासन ने इससे पहले भी शहर और शहर के बाहरी क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई की थी सरधनी रोड गंज रोड और नूरपुर रोड सहित 12 कॉलोनी पर बुलडोजर करवाई पहले भी की गई है लेकिन सिर्फ बुलडोजर कार्रवाई की खानापूर्ति के अलावा कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती, फलस्वरूप कालोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलर कुछ समय के लिए निष्क्रिय होने के बाद फिर सक्रिय हो जाते है ।

## हल्दौर ग्रुप कॉलेज हलदौर में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हल्दौर।** बृहस्पतिवार को हल्दौर ग्रुप का कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार चौहान व अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे । कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्र त्यागी तत्पश्चात शिक्षकगणों ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस की पृष्ठभूमि के बारे में बताया जिसमें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री माननीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के बारे में बताया गया एवं उनके बाल दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाले बाल दिवस की व्यवस्था थी कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिभागी गौरव ने कविता पाठ किया, छात्र प्रेरक त्यागी ने गीत प्रस्तुति दी ,एवं दीपक, रिया हिमांशी ने सामुहिक गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल व कुशल संचालन श्रीमती शालिनी कश्यप ने किया कार्यक्रम बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का पूर्णसहयोग रहा।

## बाइक व साइकिल की भिड़ंत में चार लोग घायल



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव भज्जावाला के समीप बाइक सवारों ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। बुधवार को गांव आलमपुर गांवड़ी निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र स्वरूपा सिंह साइकिल से चीनी मिल जा रहा था। जब वह भज्जावाला के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रहे बाइक सवारों शगुन चौहान पुत्र पिंटू सिंह, सुधांशु पुत्र भूदेव व सागर पुत्र लक्ष्मण सिंह भटियाना निवासी धामपुर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के दौरान बाइक व साइकिल नीचे गिर पड़ी। घायलों में चीख-पुकार मच गई। घायलों को राहगीरों व पुलिस की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल शगुन, सुधांशु व नरेन्द्र कुमार को उनकी गम्भीरावस्था के चलते हायर सेंटर रैफर कर दिया। उधर थानाध्यक्ष योगेश चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई कि जायेगी।

## बाबा दूलन दास की तपोस्थली पर आज जुटेंगे हजारों भक्त

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी ।** जे न जाय धरमे, वहि के का है दुनिया के भरमे। यह कहावत बाबा दूलन दास की तपोभूमि धर्मे धाम के बारे में प्रचलित है ।तहसील मुख्यालय तिलोई से छह किलोमीटर दूर सिद्ध संत रहे बाबा दूलनदास की तपोभूमि धरमे धाम सत्य नामी पंथ के अनुयायियों का बड़ा गुरुद्वारा है। बताया जाता है कि सन 1627 में अर्थात लगभग 400 वर्ष पहले सतनामी संप्रदाय से संबंधित बाराबंकी जिले के कोटवा धाम के सिद्ध संत बाबा जगजीवन साहब के शिष्य बाबा दूलनदास ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। बताते हैं कि सतनामी पंथ गृहस्थ संप्रदाय का है। यहां के पुजारी गृहस्थ आश्रम में ही रह कर भजन कर अपने अनुयायियों को बाबा के बताए सद्गुणों का अनुसरण करने की सलाह देते हैं। सतनामी पन्थ में बाबा जगजीवन साहब के द्वारा स्थापित चार पावा 14 गद्दी, 36 महंत 33 सुमिरनिहा व 87 शिष्य रहे जिनका बाद में विस्तार हुआ है। धर्मे धाम चार पावा में से दूसरा महत्वपूर्ण पावा है। पहला पावा कमावली बाराबंकी में दूसरा धर्मे धाम अमेठी, तीसरा उखा धाम बाराबंकी, चौथा ख्यामदास मदनापुर में है।



बाबा दूलनदास के चार शिष्य बाबा सिद्धादास हरगांव, अमेठी, बाबा अलफदास जायस, बाबा तोमर दास तदीपुर, रायबरेली, बाबा घासीदास, नेवादा फैजाबाद, जैसे सिद्ध संत हुए हैं। सतनामी पंथ में लाखों की संख्या में आज भी शिष्य हैं, जो कोटवा घाम व धर्मे धाम में दर्शन करने आते रहते हैं। बताया जाता है कि बाबा दूलनदास का जन्म रायबरेली जिले की महाराजगंज तहसील के तदीपुर गांव में राम सिंह के घर हुआ था, किंतु बचपन से ही बाबा तिलोई क्षेत्र के सैंबसी गांव में अपने ननिहाल चले आये। बचपन से ही इन्हें वैराग्य हो गया और सैंबसी के करमदही टीले पर छोटी सी कुटिया बनाकर वहीं भजन में रम गये, वहीं से बाबा जगजीवन दास की सेवा करने जाने लगे, जल्द ही गुरु सेवा भाव से उन्हें सिद्धि मिल गई और गुरु के आदेश से वे फिर सैंबसी को चले, किंतु अंधेरा हो जाने के कारण वह धर्म में ही रुक गए।

उनके अनेक चमत्कार भी हैं ।वर्तमान समय में यहां के महंत तेज प्रताप दास भदौरिया व अजीत प्रताप दास राठौर हैं। मेले के व्यवस्थापक श्यामसिंह ने बताया कि वैसे तो हर महीने की पूर्णमासी को यहां विशाल मेला लगता है। किन्तु कार्तिक पूर्णिमा को लगने वाले मेला में एक दिन पहले ही हजारों की संख्या में भक्तों और संतों का यहां जमावड़ा होता है। यहां लोग अपनी मन्नत पूरी होने पर अनेक आयोजन भी करते हैं।

**मेले की सभी तैयारियां पूरी ।**

धर्मेधाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 15 नवंबर से लगने वाले मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपजिलाधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मेला स्थल का भ्रमण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित मेले में सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं।

## पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त दबोचा

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** थाना अकराबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र राजेन्द्र सिह निवासी बिनामई थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ को अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा अवैध कारतूस 315 बोर सहित रोहिना सिहंपुर के ओवर ब्रीज के नीचे से गिरफ्तार किया गया।

# दैनिक जीवन में योग को अवश्य अपनायें- जलाधिकारी

**डीएम ने योगहाल का किया शिलान्यास**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बिजनौर।** विकासखंड के ग्राम खुर्दी में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन कर योग हाल का शिलान्यास किया। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा योग के महत्व को बताते हुए कहा भारत ही नहीं पूरा विश्व योग को अपना रहा है, उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। सर्वजीत त्यागी की देखरेख योग का प्रचार प्रसार आस पास के ग्रामीणों में भी होगाऔर खुर्दी ही नहीं आस पास के ग्रामवासी इस हाल का लाभ उठाते हुए योग सीखेंगे। यह योग हाल ग्रामीणों को स्वास्थ्य में लाभ लाने का कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

जिलाधिकारी द्वारा ग्राम खुर्दी के शिक्षक योगाचार्य सर्वजीत त्यागी की प्रसंशा करते हुए कहा कि बच्चों को योग तथा जिमनास्टिक का प्रशिक्षण दे रहे हैं। सर्वजीत त्यागी के निर्देशन में बच्चे योग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं। ग्राम डल्लू धनोरा निवासी अंशिका ने गत वर्ष भोपाल में हुई राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में पदक भी जीता है।

ग्राम प्रधान डॉक्टर शहवाज अली ने बताया कि उक्त कार्य के लिए 20 लाख का बजट अनुमोदित हो चुका है। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी विक्रम सिंह, ग्राम प्रधान डॉ शहबाज अली, जिला खेल अधिकारी राजकुमार, योगेंद्र पाल सिंह योगी, अरविंद अहलावत, जिला व्यायाम शिक्षक अमित चौधरी, सूर्य आर्य, अजय पाल सिंह, अनुज राणा, एसडीएम अवनीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

# राजधानी में जुटेंगे यूपी के एक लाख किसान, नई कृषि तकनीक से होंगे रूबरू

**सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल पर पहली बार यूपी में आयोजित होगा 'कृषि भारत 2024' मेला**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 15 से 18 नवंबर तक उत्तर प्रदेश में पहली बार 'कृषि भारत 2024' मेला का आयोजन होगा। प्रदेश में कृषि और पशुपालन क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने और उत्पादन को बढ़ाने के लिए आयोजित होने जा रहे इस चार दिवसीय मेले का शुक्रवार को राजधानी के वृंदावन योजना मैदान में सीएम योगी के हाथों शुभारंभ होगा। इसमें प्रदेशभर के करीब 1 लाख किसानों के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेले में कृषि उद्योग से जुड़े देश और दुनिया के 200 एग्जीबिटर्स अपने उत्पादों और तकनीक की प्रदर्शनियां लगाएंगे। गुरुवार को लोकभवन लोकभवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा 'एग्रो टेक इंडिया - कृषि भारत 2024' के आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

**योगी सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त, मोनिका एस गर्ग ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां 75त्न भूमि कृषि उपयोग में लायी जाती है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानती है और उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। चूंकि, प्रदेश में कृषि क्षेत्र में मैकेनाइजेशन की कमी महसूस की जाती रही है। किसान अभी भी पारंपरिक तरीके से खेती कर रहे हैं, जबकि उन्हें लाइन बुवाई और जीरो सीड ड्रिल जैसी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल उत्पादकता में वृद्धि होगी बल्कि खेती की लागत भी कम होगी।



**उन्नत उपकरणों के उपयोग के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित**

कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने बताया कि मेले में पराली प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार द्वारा किसानों को यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन उनका पर्याप्त लाभ किसान नहीं उठा रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को फार्म मशीनरी बैंक के माध्यम से उन्नत उपकरणों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहा आयोजन**

प्रमुख सचिव कृषि, रविंद्र ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य कृषि में उन्नत तकनीकों को अपनाना और किसानों की आय को दोगुना करना है। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में बायो टेक्नोलॉजी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सिंचाई की नई तकनीकों को भी शामिल किया गया है। इसके माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी भी दी जाएगी।

**200 से अधिक कंपनियां और 100 से अधिक स्टॉल्स होंगे शामिल**

सीआईआई की प्रतिनिधि स्मिता अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में दुनियाभर की 200 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इसमें महिन्द्रा, आयशर, सोनालिका और एस्कॉर्ट जैसी बड़ी कंपनियां भी अपनी तकनीकों और उपकरणों का प्रदर्शन करेंगी। 11 तकनीकी सत्र और 8 किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

**किसानों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ**

कार्यक्रम में किसानों को सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में जानकारी दी जाएगी। किसानों के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, जिससे एक लाख से अधिक किसानों को इस आयोजन में लाया जाएगा। यहां वे नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।


**नीदरलैंड्स होगा पार्टनर कंट्री**

इस आयोजन में नीदरलैंड्स को पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल किया गया है। नीदरलैंड्स से आए विशेषज्ञ और सप्लायर्स अपने आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

**फार्मिंग में उद्यमिता को बढ़ावा**

कार्यक्रम के दौरान फार्मिंग में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाएगा। किसानों को अपने कृषि व्यवसाय को उन्नत बनाने के लिए तकनीकी और व्यावसायिक जानकारी दी जाएगी, जिससे वे खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख सकें।

पत्रकारवार्ता के दौरान इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश भी मौजूद रहे।



शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है।

# सेहत का राज बस 4 ग्लास पानी एक साथ

सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, मोटापा, बेहोशी, दमा, खांसी, लीवर की कमजोरी, पेशाब की बीमारी, गैस, कब्ज, एसीडिटी, कमजोरी, आंख की बीमारी, मानसिक रोग, महिलाओं को होने वाली बीमारियां एवं शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है। कमी है तो बस इसके जनसाधारण के बीच प्रसार की।

## पानी प्रयोग की विधि क्या है

सुबह उठकर बिस्तर में बैठ जाएं और चार बड़े ग्लास भरकर (लगभग एक लीटर) पानी एक ही समय एक साथ पी जाएं। ध्यान रहे कि पानी पीने के पहले मुंह न धोएं, न ब्रश करें तथा शौचकर्म भी न करें। पानी पीने के बाद थूकें नहीं। पानी पीने के पौन घंटे बाद आप ब्रश/दातून, मुंह धोना, शौचकर्म इत्यादि नित्यकर्म कर सकते हैं। जो व्यक्ति बीमार या कमजोर काया के हैं और वे एक साथ चार ग्लास पानी नहीं पी सकते तो उन्हें शुरूआत एक-दो ग्लास पानी से करना चाहिए तथा धीरे-धीरे चार ग्लास तक बढ़ाना चाहिए। साथ ही भोजन करने के बाद लगभग दो घंटे पानी न पिया जाए तो अति उत्तम रहेगा।

चार ग्लास पानी पीने की यह विधि स्वस्थ या बीमार, सभी के लिए अति लाभदायक सिद्ध हुई है। सकनीरा एसोसिएशन के अनुभव द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि कई बीमारियां इस प्रयोग से निम्नलिखित समय में दूर होती जाती हैं।

● मधुमेह एक माह के लगभग। ● उच्च रक्तचाप एक माह के लगभग।
● गैस दो सप्ताह के लगभग। ● टी.बी. छः माह के लगभग। ● कब्जीयत- दो सप्ताह के लगभग।

# सावधान रहें ताजातरीन सब्जियों से

**यूं तो हम हर रोज तरह-तरह की सब्जियां खाते हैं लेकिन वे ताजा होती हैं इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। हर रोज सामने आ रही बीमारियों के पीछे कहीं न कहीं एक कारण यह भी है कि आज इंसान को शुद्ध और ताजा आहार नसीब नहीं हो पा रहा। मिलावट और रसायन संरक्षण से सब्जियां भी अछूती नहीं हैं।**



सब्जी विक्रेता आज या तो रसायन में संरक्षित कर रखी गई सब्जियां बेचते हैं या फिर मुनाफे के चक्कर में लौकी जैसी सब्जियों का आकार बढ़ाने के लिए उनमें ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगा देते हैं। आहार विशेषज्ञ का कहना है कि लोगों को अपने आहार में ताजा सब्जियों का इस्तेमाल करना चाहिए और ऐसी सब्जियों के सेवन से बचना चाहिए जो बहुत दिनों से संरक्षित कर रखी गई हों। ताजा सब्जियां जहां खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं वहीं उनमें विटामिन काबोहाइड्रेट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व भी प्रचूर मात्रा में होते हैं लेकिन सावधानी यह जरूरी है कि सब्जियां सचमुच ताजा हो न कि उन्हें इंजेक्शन से ताजा बनाया गया हो। बाजार से सब्जियां खरीदते समय बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। यदि ऐसी सब्जी खरीद ली जाती है, जिसका आकार बढ़ाने के लिए या चमकदार दिखाने के लिए किसी रसायन का इस्तेमाल किया गया हो तो इससे पेट में अल्सर अम्लता और गैस बनने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सब्जियों को संरक्षित कर रख दिए जाने स` उनके पोषक तत्वों में कमी आ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे बार-बार गर्म करके रात तक इस्तेमाल किया जाता रहे। ऐसा करने से उसके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और शरीर को कोई फायदा नहीं पहुंचता। एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे कुछ घंटों के भीतर ही इस्तेमाल कर लेना चाहिए। सब्जी को फ्रिज में रख देने का मतलब यह नहीं है कि वह जरा भी खराब नहीं होगी। फ्रिज में रखी सब्जी को भी छह-सात घंटे के भीतर इस्तेमाल कर लेना चाहिए। इसके बाद उसके पोषक तत्वों में ह्रास होने लगता है।



# सिर्फ 5 आहार ठंड में रखे सदाबहार

**सर्द मौसम में व्यायाम करके अपने शरीर को गर्म व ऊर्जावान बनाए रखने के साथ ही अपने भोजन में ऐसी चीजों को शामिल करना भी जरूरी हो गया है जिनकी कम मात्रा लेने पर भी शरीर को भरपूर कैलोरी मिले। पेश है 5 ऐसे आहार जो आपको सर्दियों में तरोताजा और स्वस्थ बनाएंगे।**

## सलाद

आपके सुबह व शाम के भोजन में सलाद के लिए एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए। यदि आप कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला फूड लेना चाहते हैं तो सलाद आपके लिए बेहतर विकल्प है। सलाद के लिए प्रयोग में आने वाली कच्ची सब्जियों व फलों में एंटी ऑक्सीडेंट, नेचुरल एंजाइम्स और फाइबर्स होते हैं जो शरीर के कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही भोजन के पाचन में भी सहायक होते हैं। इससे आपका वजन भी नियंत्रित रहता है। यदि आप सेहत के प्रति जागरूक हैं तो आपको रोजाना कम से कम एक बड़ा कप हरी सलाद खानी चाहिए।

## छिलके वाली दालें

छिलके वाली दालों में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। प्रोटीन के साथ ही दालों में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन बी आदि होता है। इनका रोजाना सेवन शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है जिससे आपका वजन नियंत्रित होता है।

## पीले व खट्टे फल

फलों में सबसे अधिक गुणकारी खट्टे फल होते हैं। पीले व नारंगी रंग के फलों में बीटा केरोटिन व एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। खट्टे फल विटामिन सी, कैल्शियम, मिनरल, फाइबर्स आदि का प्रमुख स्रोत होते हैं जो शरीर के विकास के लिए उपयोगी होते हैं। नींबू में मौजूद पेक्टिन शरीर में जमा वसा को गलाता है और पाचन प्रक्रिया को भी धीमा करता है जिससे खाने के बाद भी लगने वाली भूख शांत होती है। खट्टे फलों का सेवन डाइबीटिज, कैंसर, एनीमिया, मोतियाबिंद, अस्थमा, किडनी में पथरी आदि रोगों में लाभदायक होता है। इन फलों को निरंतर सेवन से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

## तरल, जूस व ड्रिंक

भोजन के पूर्व या पश्चात यदि आप तरल पदार्थ लेने के आदी हैं तो इस सर्द मौसम में भी आप छाछ, लस्सी, दही व फरूट जूस का सेवन कर सकते हैं। दही, छाछ व ताजे फलों का रस आपके शरीर के लिए गुणकारी होता है। खट्टे फलों में नींबू का रस वजन कम करने, डेंटल केयर, बुखार, रक्त शुद्धि आदि में सहायक होता है। भोजन के बाद ली जाने वाली छाछ में दूध की अपेक्षा फैट की मात्रा कम होती है। यदि हम लिक्विड में नारियल पानी की बात करें तो इसमें पोटेशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के साथ ही शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, शर्करा व वसा की कम मात्रा होती है।

## अंकुरित अनाज

अंकुरित किए जाने से अनाज में पोषक तत्वों की मात्रा दुगुनी हो जाती है। चना, मूंग, सोयाबीन, मटर आदि को अंकुरित करके खाया जा सकता है। सर्दियों के मौसम में नाश्ते में अंकुरित अनाज को शामिल करना स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर है। भरपूर अंकुरित अनाज का सेवन आप सूप या सलाद के साथ भी कर सकते हैं। सुलभ, सस्ता, बनाने में आसान व पौष्टिक होने के कारण अंकुरित अनाज का सेवन आपके शरीर के लिए लाभदायक होता है। विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, एंटी ऑक्सीडेंट आदि की भरपूर मात्रा होने के कारण अंकुरित अनाज हमारे भोजन के पाचन में भी सहायक होता है।

# ब्रेस्ट कैंसर से बचाता है विटामिन डी

ब्रिटेन के विशेषज्ञों का कहना है कि विटामिन डी के सेवन से स्तन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है. लंदन की सर्जन एवं प्रो. केफाह मोकबेल के अनुसार इससे एक हजार जिंदगियां प्रतिवर्ष बचाई जा सकती हैं. वैसे तो धूप विटामिन डी का सबसे बड़ा स्रोत है. लेकिन महिलाएं अक्सर अपनी दिनचर्या में इससे महरूम हो जाती है. प्रो. मोकबेल का दावा है कि 20 साल की आयु के बाद महिलाएं को प्रतिदिन एक विटामिन डी की गोली का सेवन करना चाहिए. इसके सेवन से स्वस्थ्य महिलाओं में भी ब्रेस्ट कैंसर होने की आशंका काफी घट जाती है. महिलाओं में जरूरी विटामिन डी लेबल काफी उच्च स्तर का होता है. जो अक्सर कम हो जाता है. इसे मेंटेंन करके खतरे को कम किया जा सकता है.

अध्ययन के अनुसार इसका (विटामिन डी की गोलियों का) खर्च काफी कम है और लाभ काफी अधिक क्योंकि इससे बड़ी परेशानी की आशंका काफी कम हो जाती है. एक अध्ययन के अनुसार, ब्रिटेन में हर साल 50 हजार महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में आ रही हैं. इसमें 1200 मौत के मुंह में चली जाती हैं. अध्ययन के अनुसार, वैसे तो विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है. लेकिन अब यह भी माना जाता है कि विटामिन डी इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में भी लाभकारी है. यह दोनों कैंसर की रोक के अहम कारक हैं. अमेरिका के हार्वर्ड स्कूल और पब्लिक हेल्थ के अनुसार विटामिन डी की कमी से कई बड़ी बीमारियों जैसे ऑस्टियोपोरोसिस, हृदय रोग, फ्लू, कई प्रकार के कैंसर, टीबी और स्केरोसिस का खतरा बढ़ जाता है. विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है यह इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में लाभकारी हेल्थ फैक्ट्स है.



# जरा संभलकर मम्मी टू बी...



**गर्भावस्था के दौरान जरा सी असावधानी बरतने पर आपको कमर दर्द संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इससे बचने के लिए आइए जानते हैं क्या करें और क्या न करें**

## ऐसा न करें

● भारी वस्तुएं न उठाएं। ● कमर को झुकाएं नहीं।
● उल्टे-सीधे तरीके से न लेटें। ● जगने पर बिस्तर से झटके में न उठें।
● ज्यादा देर के लिए हाई हील न पहनें।
● कंधे पर भारी बैग लटकाकर न चलें।
● हर काम अपने सिर पर लेने की कोशिश न करें।

## ऐसा करें

● भारी वस्तुएं उठाने के लिए अपने पति या अपने किसी खास से कहें।
● कमर झुकाने के बजाय घुटनों के बल बैठें और अपनी कमर सीधी रखें।
● अपनी स्पाइन को सीधा रखने के लिए जिस करवट लेटी हैं उस तरफ घुटनों के बीच में एक तकिया जरूर रखें।
● नींद से उठने पर पहले करवट लें। फिर अपने हाथों का सहारा लेकर बैठ जाएं।
● हाई हील के स्थान पर लो हील और फ्लैट जूते-चप्पल का ही इस्तेमाल करें। इससे आपकी पेल्विस और पीठ सीधी रहेगी।
● भारी बैग के बजाय बैक पैक का इस्तेमाल करें।
● जितना संभव हो घर के कामों की जिम्मेदारियां परिवार के सदस्यों को सौंपें। आपके साथ ही आने वाले नन्हें मेहमान को भी तो सुकून चाहिए।

## मुख्य समाचार

### सिडनी संसद भवन के पास चलायी नकली बंदूक,जांच शुरू

**सिडनी।** सिडनी में संसद भवन के पास एक व्यक्ति ने कथित रूप से नकली बंदूक चलायी जिसकी पुलिस जांच कर रही है। न्यू साउथ वेल्स राज्य (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को गुरुवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे के बाद मध्य सिडनी में संसद भवन के पास एक नकली बंदूक चलाते हुए देखा गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बंदूक जेल ब्लास्टर हो सकता है – एक प्रकार का बंदूक खिलौना जो जेल छर्रों को छोड़ता है। जेल ब्लास्टर्स वर्तमान में अवैध है। पुलिस ने कहा कि अधिकारियों के पहुंचने से पहले आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है और किसी भी गवाह या घटना के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से सामने आने का आग्रह किया है।

### यूक्रेन,नॉर्वे ने रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया: यूक्रेनी रक्षा मंत्री

**कीव।** यूक्रेन और नॉर्वे ने रक्षा सहयोग के क्षेत्र में एक समझौता पर हस्ताक्षर किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यूक्रेनी विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्य समूह पहले ही कीव और ओस्लो में बनाए जा चुके हैं। उमेरोव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा 'हम यूक्रेन और नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की रक्षा खरीद एजेंसी और नॉर्वेजियन डिफेंस मैटेरियल एजेंसी (एनडीएमए) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। यह समझौता हथियारों के बाजार के संदर्भ में जानकारी साझा करने, संयुक्त अनुसंधान करने और नवीन सैन्य प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के नए अवसर प्रदान करता है।' उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेनी विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने में मदद करने के लिए कीव और ओस्लो में कार्य समूह स्थापित किए गए हैं।

### हिजबुल्ला के साथ संघर्ष में 6 इजरायली सैनिक मारे गए

**यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों के साथ हुई झड़प में छह इजरायली सैनिक मारे गए। इसकी पुष्टि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को की। एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि सैनिक लड़ाई के दौरान मारे गए और उनमें से पांच की पहचान गोलानी ब्रिगेड की इन्फेंट्री बटालियन 51 के सदस्यों के रूप में की गई। छठे सैनिक की पहचान परिवार की अधिसूचना लंबित होने तक रोक दी गई थी। इज़रायल की वाईनेट समाचार साइट के अनुसार, शेष हिज़्बुल्लाह लड़ाकों की खोज करने के उद्देश्य से सैनिक दक्षिणी लेबनान के एक गांव में घुसे थे जहां पहले गोलाबारी की गई थी। उन पर एक इमारत के अंदर मौजूद आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया गया और करीब से गोलीबारी शुरू कर दी। अक्टूबर 2023 से, इज़रायल में चल रहे बहु-मोर्चे संघर्ष में कुल 792 इज़राइली सैनिक मारे गए हैं।

### ट्रंप ने मैट गेट्ज़ को अमेरिकी अटॉर्नी जनरल चुना

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी अटॉर्नी जनरल के रूप में कांग्रेसी मैट गेट्ज़ को नामित करेंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा, यह घोषणा करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि फ्लोरिडा के कांग्रेसी मैट गेट्ज़ को अमेरिका के अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित किया गया है। ट्रंप ने गेट्ज़ को बेहुत प्रतिभाशाली और दृढ़ वकील कहा, जिन्होंने कांग्रेस में अपने कार्यकाल के दौरान न्याय विभाग में आवश्यक सुधारों पर बल दिया। ट्रंप ने हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी में रहते हुए रूस, रूस, रूस के झांसे को हराने और खतरनाक एवं प्रणालीगत सरकारी भ्रष्टाचार और हथियारीकरण को उजागर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। ट्रंप ने कहा मैट हथियारबंद सरकार को खत्म करेंगे, हमारी सीमाओं की रक्षा करेंगे, आपराधिक संगठनों को खत्म करेंगे और न्याय विभाग में अमेरिकियों की आस्था और विश्वास को बहाल करेंगे।

### बहरीन इंटरनेशनल एयरशो हुआ शुरू

**मनामा।** बहरीन इंटरनेशनल एयरशो (बीआईएएस) बुधवार को बहरीन शहर साखिर में बहरीन इंटरनेशनल सर्किट में शुरू हुआ। आधिकारिक बहरीन समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बहरीन के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा ने पिछले 14 वर्षों में बीआईएएस की निरंतर सफलता पर प्रकाश डाला और इसे वैश्विक विमानन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया। तीन दिवसीय शो में 125 से अधिक विभिन्न प्रकार के विमानों का प्रदर्शन होने की उम्मीद है। बीआईएएस के महानिदेशक यूसुफ महमूद ने कहा, हमें उम्मीद है कि बीआईएएस 2024 उन प्रतिभागियों के मामले में सबसे बड़ा एयर शो होगा जो पहले ही दुनिया भर से आ चुके हैं। महमूद ने कार्यक्रम के दौरान संभावित सौदों के बारे में आशावाद व्यक्त किया, क्योंकि वर्ष 2022 में आयोजित पिछले शो में कुल 1.82 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के सौदे हुए थे।
वर्ष 2010 में शुरू किया गया एयर शो एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और विश्व में एयरोस्पेस फर्मों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम कर रहा है।

### पाकिस्तान में अभियान के दौरान 12 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में 12 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत और उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में यह अभियान चलाया था। बलूचिस्तान के केच जिले में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के ठिकानों पर सुरक्षा बलों के हमले में आठ आतंकवादी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। इलाकों में आतंकवादियों को को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### कनाडा में बर्ड फ्लू का पहला मामला सामने आया

**ओटावा।** कनाडा में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) से मानव संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी (पीएचएसी) के बयान के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक किशोर को नौ नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया और एच5 एवियन इन्फ्लूएंजा के लिए किये गये संभावित सकारात्मक परीक्षण के दौरान कल एच5एन1 वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। पीएचएसी के मुताबकि, यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि व्यक्ति कैसे संक्रमित हुआ। इस वायरस से संक्रमित अन्य मामलों का पता नहीं चला है। अमेरिका में डेयरी मवेशियों में एच5एन1 का प्रकोप जारी है जबकि कनाडा में डेयरी मवेशियों में एवियन इन्फ्लूएंजा का कोई मामला सामने नहीं आया है और दूध के नमूनों में बर्ड फ्लू वायरस का भी कोई सबूत नहीं मिला है।

# यूएनएससी ने शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों की निंदा की

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर लेबनान में शांति सैनिकों के खिलाफ हाल में हुए हमलों की निंदा की। बयान में कहा गया कि ब्लू लाइन पर चल रही शत्रुता की पृष्ठभूमि में, सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने उन कई घटनाओं की निंदा की, जिन्होंने पिछले हफ्तों में लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) की स्थिति को प्रभावित किया और यूनिफिल शांति सैनिकों को घायल किया, जिसमें 29 अक्टूबर, 07 नवंबर और 08 नवंबर की घटना भी शामिल है। परिषद के सदस्यों ने सभी पक्षों से यूनिफिल कर्मियों



और परिसरों की रक्षा और सुरक्षा का सम्मान करने के लिए सभी उपाय करने का आग्रह किया और याद दिलाया कि शांति सैनिकों को कभी भी निशाना नहीं बनना चाहिए। बयान में, उन्होंने यूनिफिल को अपना पूर्ण समर्थन दोहराया, क्षेत्रीय स्थिरता का समर्थन करने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया और इसमें सैन्य योगदान देने वाले देशों के की सराहना की। परिषद के सदस्यों ने हताहत नागरिकों और पीड़ितों, नागरिक अवसंरचना का विनाश, लेबनान में सांस्कृतिक विरासत स्थलों को नुकसान और बालबेक और टायर में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के विश्व विरासत स्थलों को खतरा, आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि उन्होंने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 (2006) को पूरी तरह से लागू करने का आह्वान किया।

## इजरायली वायु सेना ने दक्षिणी बेरूत उपनगर पर हमले शुरू किए

**बेरूत।** इजरायली वायु सेना के विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर कम से कम तीन हमले किए। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती संवाददाता ने दी। उन्होंने कहा कि दो जोरदार हमलों में बुर्ज अल-बरजनेह क्षेत्र की इमारतों को निशाना बनाया गया और एक हमले ने हरेत हरिक क्षेत्र को निशाना बनाया। बुधवार दोपहर इजरायली विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर छह हमले किए। लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने अभियान के अंतर्गत इजरायली सेना नियमित रूप से सीरियाई क्षेत्र पर हमले कर रही है। इससे पहले इजरायली ड्रोन ने दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर हमला किया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। सीरिया की राजधानी के दक्षिणी भाग में पड़ोसी लेबनान से आए हजारों शरणार्थी रहते हैं।

## दक्षिण कोरियाई अभिनेता सोंग मृत अवस्था में मिले

एजेंसी

**सोल।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता सोंग जे लिम अपने आवास पर मृत अवस्था में पाए गए हैं। वह 39 साल के थे। अभिनेता के यहां स्थित आवास पर एक नोट मिला है, जिसमें उन्होंने फिल्मी जगत के कलाकारों पर भारी दबाव का संकेत दिया है। बीबीसी की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना मंगलवार की है। अभिनेता के निधन की खबर मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को एक नोट बरामद हुआ है। उसमें कलाकारों पर दबाव के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे हत्या का अंदेशा हो। फिलहाल, नोट का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन अभिनेता की मौत ने दक्षिण कोरिया के मनोरंजन उद्योग में मशहूर हस्तियों द्वारा सामना किए जाने वाले तीव्र दबावों के बारे में चर्चा को फिर से हवा दे दी है। अभिनेता को 2012 में प्रशंसित के-ड्रामा द मून एम्ब्रेसिंग द सन में शानदार भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्धि मिली थी। अभिनेता के साथ 2016 की सीरीज अवर गैप सून में काम करने वाली उनकी साथी अभिनेत्री यू सन ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कैप्शन था यह बहुत दुखद है, आपकी आत्मा को शांति मिले! सैन ने कहा, आप हमेशा बहुत खुश रहते थे, इसलिए (इस खबर) पर विश्वास करना मुश्किल है।

# लेखिका हार्वे ने जीता बुकर पुरस्कार

एजेंसी

**लंदन।** साहित्य का जाना माना बुकर पुरस्कार वर्ष 2024 में ब्रिटेन की लेखिका सामंथा हार्वे को उनके उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह उपन्यास अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक दिन की कहानी है, जिसे उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान लिखा है। सामंथा हार्वे 2019 के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला हैं।बीबीसी के अनुसार, हार्वे को लंदन के ओल्ड बिलिंग्सगेट में एक समारोह में विजेता घोषित किया गया। यह यूके में शॉर्टलिस्ट पर सबसे अधिक बिकने वाली किताब है




और इसने अपनी सफलता की पूर्व संध्या तक, पिछले तीन बुकर विजेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने यह पुरस्कार उन सभी लोगों को समर्पित किया जो पृथ्वी के पक्ष में बोलते हैं, न कि उसके ख़िलाफ़, और शांति के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि किताब लिखते समय उन्होंने खुद से सवाल किया 'विल्टशायर में अपने डेस्क पर बैठी किसी महिला से कोई अंतरिक्ष के बारे में लिखते हुए क्यों सुनना चाहेगा, जबकि लोग वास्तव में वहां रहे हैं?' उन्होंने कहा, मैंने इससे अपना आपा खो दिया और मुझे लगा कि मेरे पास इस विषय पर लिखने का अधिकार नहीं है। न्यायाधीशों के अध्यक्ष, एडमंड डी वाल ने ऑर्बिटल को 'एक घायल दुनिया के बारे में लिखी गयी किताब' के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि सभी न्यायाधीशों ने इसकी सुंदरता और महत्वाकांक्षा को पहचाना और उनकी गीतकारिता की भाषा की प्रशंसा की। यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी सबसे छोटी किताब है, और शॉर्टलिस्ट में शामिल किसी भी किताब की तुलना में सबसे कम समय सीमा को कवर करती है। गौरतलब है कि पुरस्कार के इतिहास में सबसे छोटा विजेता उपन्यास 1979 का पेनेलोप फिट्जगेराल्ड का 132 पृष्ठों का ऑफशोर था।

## श्रीलंका में संसदीय चुनाव के लिए मतदान

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई संसदीय चुनाव के लिए मतदान पूरे दक्षिण एशियाई देश में मतदान केंद्र खुलने के बाद गुरुवार सुबह स्थानीय समय 7:00 बजे शुरू हुआ। इसमें 8,000 से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिसमें 1.7 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता भाग ले रहे हैं। श्रीलंकाई संसद में 225 सीटें हैं, बहुमत की सरकार बनाने के लिए 113 सीटों की आवश्यकता होती है। यह चुनाव राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की नेशनल पीपुल्स पावर



(एनपीपी) और उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डिसनायके ने श्रीलंका के लिए एक परिवर्तनकारी एजेंडे का वादा किया है, जिसके लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक ठोस संसदीय बहुमत की आवश्यकता है। देश में मतदान आज शाम चार बजे बंद हो जाएगा।

## नेपाल: चीन दौरे से पहले संसदीय समिति ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को किया तलब

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू देउवा को प्रस्तावित चीन दौरे से पहले सरकार की आधिकारिक धारणा जानने के लिए संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति ने तलब किया है। चीन के साथ बेल्ट एंड रोड समझौते के कार्यान्वयन की चर्चा के बीच संसदीय समिति ने दोनों को बुलाया है। संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति के चेयरपर्सन राजकिशोर यादव ने बताया कि चीन भ्रमण पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा को पत्र भेज कर समिति की अगली बैठक में 17 नवंबर को उपस्थित होने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि चीन भ्रमण के दौरान वहां उठाए जाने वाले मुद्दे जानने के लिए दोनों को बुलाया गया है। यादव के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से चीन के साथ बीआरआई के कार्यान्वयन समझौता की लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही है, उसको लेकर समिति प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से सवाल-जवाब करेगी।

## ट्रंप ने रुबियो को विदेशमंत्री और तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक नामित किया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने यहां बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के बाद अहम घोषणा की। उन्होंने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेशमंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य और लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नामित किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार राष्ट्रपति जो बाइडन से भेंट के बाद वाशिंगटन से फ्लोरिडा की वापसी के समय ट्रंप ने यह घोषणा की। रुबियो कभी ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। आज वह उनके सबसे बड़े समर्थक हैं। इसके अलावा ट्रंप ने फ्लोरिडा के कांग्रेसी मैट गेट्ज को अमेरिका के अटॉर्नी जनरल के




रूप में नामित किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक रूप में नियुक्त करने का ऐलान किया। उल्लेखनीय है, रुबियो रूढ़िवादी नेता हैं। चीन, क्यूबा और ईरान के खिलाफ उनका रुख कठोर रहा है। इस वर्ष वह ट्रंप के उपराष्ट्रपति पद के लिए संभावित उम्मीदवारों में शामिल थे। ट्रंप ने एक बयान में फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो की प्रशंसा की है। रुबियो सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष और विदेश संबंध समिति के सदस्य भी हैं। उन्होंने चीन पर सख्त रुख अपनाते हुए टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया ऐप्स के खिलाफ आवाज उठाई। विदेशमंत्री के रूप में नामित करते हुए ट्रंप ने रुबियो के बारे में कहा, वह हमारे देश के लिए मजबूत वकील होंगे।

# 'संयुक्त अरब' अमीरात पहुंचे जयशंकर

## द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए उत्सुक

एजेंसी

**अबू धाबी।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज आधिकारिक यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। भारत के राजदूत संजय सुधीर ने उनकी अगवानी की। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। जयशंकर ने यहां पहुंचने के कुछ देर बाद दुबई में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी परिसर के शुभारंभ समारोह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का वीडियो जयशंकर ने एक्स हैंडल पर साझा किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के दुबई कैंपस के उद्घाटन में मंत्री शेख



नाहयान बिन मुबारक के साथ शामिल होकर बहुत खुशी हुई। उनसे इस बारे में बात की कि कैसे उभरता भारत अपनी शिक्षा प्रणाली का अंतरराष्ट्रीयकरण कर रहा है और वैश्विक कार्यस्थल के लिए तैयारी कर रहा है। मुझे विश्वास है कि आज के उद्घाटन से भारत और यूएई के बीच अधिक सहयोग और संबंध विकसित होंगे। एस जयशंकर ने आज दुबई में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ वर्चुअल रूप से बातचीत की और इस पर अत्यंत खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विदेश नीति और वैश्विक व्यवस्था में भारत की प्रमुखता में उनकी रुचि देखकर खुशी हुई। उन्होंने बदलती दुनिया में भारतीय छात्रों के लिए अधिक अवसरों को भी रेखांकित किया। दुबई स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर जयशंकर की यात्रा का सचित्र ब्यौरा साझा किया। दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा, विदेशमंत्री एस. जयशंकर आधिकारिक यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। हम अपने देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। उल्लेखनीय है कि जयशंकर इससे पहले इस साल जून में संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गए थे। भारत और यूएई ने 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। यूएई ने उसी साल भारत में अपना दूतावास खोला। उसके अगले साल भारत ने यूएई में अपना दूतावास खोला। दोनों देश ब्रिक्स, आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-यूएसए) और यूएई-फ्रांस-भारत (यूएफआई) त्रिपक्षीय आदि अंतरराष्ट्रीय मंचों का भी हिस्सा हैं। भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में यूएई को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया था। भारत और यूएई के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को तब नई गति मिली जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में यूएई का दौरा किया। यह 34 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। इसने दोनों देशों के बीच नई व्यापक और रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत हुई। तब से प्रधानमंत्री मोदी पांच बार और यूएई का दौरा कर चुके हैं। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने कई बार भारत की यात्रा की है। जनवरी 2024 में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने के लिए गुजरात (भारत) का दौरा किया। इस साल इससे पहले विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने यूएई समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा करने के लिए बैठक की। इस दौरान जयशंकर ने अबू धाबी में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी हिस्सा लिया।

## मुख्य समाचार

### कन्वर्स ने भारत में खोला पहला शोरूम, हर्षवर्धन कपूर, खुशी कपूर ब्रांड एंबेसडर

**मुंबइ।** नाईकी समूह के अनुषंगी ब्रांड कन्वर्स ने भारत में कदम रखते हुये मुंबई में अपना पहला एक्सक्लूसिव स्टोर खोला है और बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन कपूर, अभिनेत्री खुशी कपूर को भारतीय बाजार के लिये अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कन्वर्स ब्रांड की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उसका यह स्टोर मुंबई के लिंकिग रोड पर बनकर तैयार है। कंपनी ने कहा है कि इसका उद्घाटन जल्द किया जाएगा। कन्वर्स फुटवियर और युवा वर्ग के लिये स्टाइलिश परिधानों के लिये जाना जाता है। स्पोर्ट्सवियर बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी नाईकी समूह का यह ब्रांड 115 वर्ष पुराना है। कन्वर्स ने कहा, हम भारत में ब्रांड के नए चेहरे के रूप में बॉलीवुड अभिनेता के पुत्र अभिनेता हर्षवर्धन कपूर और श्रीदेवी की पुत्री एवं अभिनेत्री खुशी कपूर को पेश करते हुए रोमांचित है। मुंबई में हमारे स्टोर का उदघाटन जल्द ही किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि वह भारत में युवाओं को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप उनके पसंदीदा परिधानों को उनके नजदीक लाना चाहती है और उन्हें खरीददारी का एक नया अनुभव देना चाहती है।

### शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनों में गिरावट

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग बनी रही। खाद्य तेलों में नरमी हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहन रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली घटने से सोयाबीन नीचा बोला गया। दलहन मांग सुस्ती के साथ नरमी लिए बताएं गए। दालों में उठाव सुस्त रहा इससे भाव मंदे बोले गए। चावल में कामकाज बना रहा। किराना बाजार सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ महंगा बिका। खोपरा गोला तथा हल्दी में मांग रही। साबूदाना पूछपरख बने रहने से मजबूती लिए रहा। तेल-तिलहन खाद्य तेलों में मांग कमी से भाव में गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड नीचा होकर बिका। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी घटने से सौदे 50 रुपये कम पर हुए। दाल-दलहन संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज सुस्ती लिए रहा। आज चना कांटा तथा तुअर में मांग घटी रही। दालों में मंदा दर्ज किया गया। चावल में पूछपरख बताई गई।

### भारत अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर: पुरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज यहां कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। पुरी ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 12वें सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) शिखर सम्मेलन में 2014 में एक कमजोर अर्थव्यवस्था से आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के भारत के परिवर्तन का उल्लेख किया। श्री पुरी ने देश की उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने और इसके सतत ऊर्जा भविष्य को आगे बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) की भूमिका पर प्रकाश डाला। पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत का प्रक्षेप मजबूत सुधारों और इसके पीएसई के समर्पण पर आधारित है। उन्होंने पिछले दशक में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लचीलेपन और प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि उनका योगदान भारत की आर्थिक स्थिरता और प्रगति का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने कहा, जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, अगले कुछ वर्ष भारत की अगली छलांग के लिए आधार तैयार करने में महत्वपूर्ण होंगे। मंत्री ने भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को दर्शाने वाले कई प्रमुख आँकड़े साझा किए। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) की कुल संपत्ति में 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2014 में 9.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 17.33 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उत्पाद शुल्क, कर और लाभांश के माध्यम से राष्ट्रीय खजाने में इन कंपनियों का योगदान दोगुना से भी अधिक हो गया है।

### भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसरः हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में विश ?व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि और इसके सतत ऊर्जा भविष्य को आगे बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) की उल्लेखनीय भूमिका है। मंत्री पुरी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नई दिल्ली में आयोजित 12वें सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत उम्मीद कर रहा है कि अमेरिका और कनाडा जैसे पश्चिमी देशों में कच्चे तेल का ज्यादा उत्पादन होने से बाजार में शांति होगी और कीमतों में स्थिरता आएगी। पुरी ने कहा कि पश्चिमी गोलार्ध के देश अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' को भी उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रभावित किया जा सकता है। इससे वे अधिक कमाई कर सकेंगे। पश्चिमी गोलार्ध के देश अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' को भी उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रभावित किया जा सकता है। इससे वे अधिक कमाई कर सकेंगे। पेट्रोलियम मंत्री ने संबोधन के दौरान भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को दर्शाने वाले कई प्रमुख आंकड़े साझा किए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की कुल संपत्ति में 82 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2014 में 9.5 ट्रिलियन रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 17.33 ट्रिलियन रुपये हो गई है। पुरी ने कहा कि उत्पाद शुल्क, करों और लाभांश के जरिए राष्ट्रीय खजाने में सीपीएसई का योगदान दोगुना से अधिक हो गया है, जो वित्त वर्ष 2014 में 2.20 लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 4.58 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# अक्टूबर में वाणिज्यक निर्यात 17.23 प्रतिशत उछला

## समग्र निर्यात 800 अरब डॉलर के पार संभव: वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल



नई दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों के बीच निर्यात संवर्धन के सरकार के प्रयासों तथा क्रिसमस और नव वर्ष की तैयारियों में जुटे वैश्विक बाजार में मांग के जोर के बीच अक्टूबर में भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 17.23 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 39.20 डालर के स्तर पर पहुंच गया। वस्तु एवं सेवा निर्यात के रुझानों को देखते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने गुरुवार को कहा अगर यही रुझान बने रहे तो समग्र निर्यात का वार्षिक आंकड़ा मार्च 2025 के अंत तक 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आज जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष अक्टूबर में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 33.43 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात बढ़ कर 66.34 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल अक्टूबर में 63.86 अरब डॉलर था। इस तरह अक्टूबर में व्यापार घाटा सालाना आधार पर कम हो कर 10.12 अरब डालर के बराबर रहा जो एक साल पहले इसी माह 15.85 अरब डॉलर था। इस वर्ष अक्टूबर में सेवाओं का निर्यात 34.02 अरब डॉलर रहा जबकि पिछले साल इसी माह सेवा निर्यात 28.05 अरब डॉलर रहा। इस दौरान सेवा अयात 17.00 अरब डॉलर रहा जबकि पिछले साल अकटूबर में सेवा आयात 13.46 अरब डालर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान संचयी समग्र (वस्तु एवं सेवाओं को मिला कर) निर्यात 468.27 अरब डॉलर होने का अनुमान है जो अप्रैल-अक्टूबर 2023 में 436.48 अरब डॉलर के समग्र निर्यात की तुलना में 7.28 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। वाणिज्य सचिव ने अक्टूबर के निर्यात-आयात के आंकड़े जारी करते हुए संवाददाताओं से कहा कि इस बार अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में समग्र निर्यात का हमारा प्रदर्शन अभूतपूर्व रहा है, वैश्विक बाजार की चुनौतियों के बावजूद हमारे निर्यातकों ने बहुत अच्छा प्रयास किया है और वे इन चुनौतियों से पार पाने में सफल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की आगे की अवधि में भी हमारे प्रदर्शन में सुधार होगा और हमारा समग्र निर्यात 800 अरब डालर के स्तर के ऊपर रहेगा।

उन्होंने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान गैर पेट्रोलियम निर्यात के आंकड़ों को इस अवधि का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन बताते हुए कहा, यह- निर्यात संवर्धन के लिए चिह्नित क्षेत्रों और बाजार को लेकर हमारी लगन, पीएलआई जैसी विनिर्माण प्रोत्साहन योजनाओं के मिल रहे लाभ और व्यापार नीति का फल है। अप्रैल-अक्टूबर 2024-25 के दौरान गैर पेट्रोलियम वाणिज्यक निर्यात 7.34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 211.3 अरब डलार रहा जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 196.9 अरब डालर था। इससे पहले 206.2 अरब डालर का गैर पेट्रोलियम वाणिज्यक निर्यात का सर्वोत्तम रिकार्ड 2022-23 में बना था। अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान कुल वाणिज्यिक निर्यात (पेट्रोलियम सहित) 252.28 अरब डॉलर था जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 244.51 अरब डालर की तुलना में 3.18 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2024 में गैर-पेट्रोलियम वाणिज्यक निर्यात 34.61 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर 2023 के 27.55 अरब डॉलर के गैर-पेट्रोलियम निर्यात की तुलना में 25.63 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात में अक्टूबर में 27.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो अक्टूबर 2023 के 24.56 अरब डॉलर से बढ़कर अक्टूबर 2024 में 31.36 अरब डॉलर हो गया।

बर्थवाल ने बताया कि अक्टूबर 2024 में व्यापारिक निर्यात वृद्धि में इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, चावल और सभी कपड़ा एवं रेडीमेड गारमेंट उद्योग की प्रमुख भूमिका है। अक्टूबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 39.37 प्रतिशत, इलेक्ट्रानिक निर्यात 45.69 प्रतशत, जैविक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात 27.35 प्रतिशत, चावल का निर्यात 85.79 प्रतिशत तथा कपड़ा निर्यात और रेडीमेड गारमेंट क्षेत्र का निर्यात 35.06 प्रतिशत रहा।

## अमेज़न, आईसीएलईआई नगरपालिका स्कूलों में 75 शहरी खाद्य उद्यान स्थापित करेगी

एजेंसी



**बेंगलुरु।** अमेज़न और लोकल गवर्नमेंट्स फॉर सस्टेनेबिलिटी (आईसीएलईआई), दक्षिण एशिया ने देश के नगरपालिका स्कूलों में बच्चों के पोषण में सुधार के लिये एक व्यापक शहरी खाद्य उद्यान पहल शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। अमेजन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस पहल का उद्देश्य बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और कोलकाता के नगरपालिका स्कूलों में 75 शहरी खाद्य उद्यानों का एक नेटवर्क स्थापित करना है। यह 10 लाख डॉलर की पहल भारत की स्कूल पोषण उद्यान योजना पर आधारित है और इससे ज़रूरतमंद बच्चों को तीन साल में एक करोड़ 50 लाख स्कूली भोजन उपलब्ध कराने की उम्मीद है। अमेज़न इंडिया के उपाध्यक्ष, (परिचालन) अभिनव सिंह ने कहा, आईसीएलईआई, दक्षिण एशिया के साथ यह शहरी उद्यान पहल केवल भोजन उत्पन्न करने से नहीं, बल्कि भविष्य को पोषण प्रदान करने से जुड़ी है। यह प्रकृति और हमारे समुदायों को संरक्षित करने, पुनर्स्थापित करने और उनका समर्थन करने के प्रति अमेज़न की प्रतिबद्धता के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.10 प्रतिशत उतरकर 68.36 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और मारुति समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 77,580.31 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.35 अंक फिसलकर 23,532.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.41 प्रतिशत बढ़कर 44,289.60 अंक और स्मॉलकैप 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,381.98 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2145 में तेजी जबकि 1813 में गिरावट रही वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 29 कंपनियों में बिकवाली जबकि 21 में लिवाली हुई। बीएसई के नौ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.03, एफएमसीजी 1.35, यूटिलिटीज 0.88, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.05, धातु 0.07, तेल एवं गैस 0.48, पावर 0.37, सर्विसेज 0.09 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत गिर गए।

## भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 तक 6.5-7 फीसदी की दर से बढ़ेगी: एसएंडपी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को देश की आर्थिक वृद्धि दर पर जारी अपने अनुमान में कहा कि भारत 31 मार्च, 2027 तक तीन वित्तीय वर्षों में सालाना 6.5-7 फीसदी की विकास दर से आगे बढ़ेगा। रेटिंग एजेंसी ने जारी अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च और निजी खपत से वृद्धि को गति मिलने से भारतीय अर्थव्यवस्था के 31 मार्च 2027 तक तीन वित्त वर्षों (2024-25, 2025-26 और 2026-27) में सालाना 6.5-7 फीसदी के बीच बढ़ने का अनुमान है। इसके साथ ही एसएंडपी ने अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता को समर्थन देना जारी रखेंगी, जबकि स्वस्थ कॉर्पोरेट बही-खाते, सख्त 'अंडरराइटिंग' मानक और बेहतर जोखिम प्रबंधन प्रथाएं परिसंपत्ति गुणवत्ता को और स्थिर करेंगी।

## चौथा एमएचएम इंडिया सम्मेलन 19 नवंबर को

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत में पानी और मासिक धर्म स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ग्रामलया, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के सहयोग से चौथा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) इंडिया सम्मेलन का आयोजन 19 नवंबर को राजधानी में कर रहा है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारत मंडपम में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में रेकिट के एसओए और साझेदारी के निदेशक रवि भटनागर और ग्रामलया के संस्थापक एवं सीईओ पद्मश्री एस. दामोदरन भी मौजूद रहेंगे। इसमें केंद्रीय मंत्रियों सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है जो महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रेरक संवाद में हिस्सा लेंगे। दामोदरन ने कहा हम एक ऐसे समाज की परिकल्पना करते हैं जहाँ किशोरियाँ और महिलाएँ मासिक धर्म संबंधी सभी स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्त होकर एक स्वस्थ जीवन जी सकें। यह सम्मेलन क्षेत्र के सभी हितधारकों को स्थायी, व्यापक परिवर्तन की दिशा में काम करने के लिए एकजुट करता है जो महिलाओं और लड़कियों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में समर्थ बनाएगा। भटनागर ने कहा रेकिट, ग्रामलया के मिशन का समर्थन करते हुए गर्व महसूस करता है, जो मासिक धर्म स्वास्थ्य के आसपास की धारणाओं को बदलने और इसे मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकृति दिलाने की दिशा में कार्यरत है। जागरूकता फैलाकर और मासिक धर्म स्वास्थ्य संसाधनों की उपलब्धता को बढ़ावा देकर हम लाखों महिलाओं और लड़कियों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## रैपिडो का जीओवी 2.5 गुना बढ़ा

एजेंसी




**बेंगलुरू।** मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रैपिडो का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीओवी 2.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 2461 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 977 करोड़ रुपये रहा था। इस वित्तीय प्रदर्शन के बल पर कंपनी का घाटा भी कम होकर 17 करोड़ रुपये पर आ गया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह घाटा 74 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि ये आंकड़े तेज़ी से पैमाना बढ़ाते हुए बिज़नेस के स्थायी मॉडल के निर्माण में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। राईड ऑर्डरों की संख्या भी सालाना दोगुना होकर 20.7 करोड़ पर पहुंच गई, जो बड़े यूज़र बेस एवं सक्रियता के उच्च स्तर को दर्शाता है। इस बढ़ोतरी के साथ, कंपनी ने अपनी स्थिर लागत को अनुकूलित किया है और कुल बजट बढ़ाए बिना प्रति युनिट के आधार पर इसमें 50 फीसदी कटौती की है। इसके चलते रैपिडो का त्रैमासिक घाटा वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कम होकर रु 17 करोड़ पर आ गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 74 करोड़ रुपये रहा था। उसने कहा कि कंपनी ने अपने बड़े पैमाने के स्थायी बिजनेस मॉडल के माध्यम से दीर्घकालिक मूल्य का निर्माण भी किया है।

## गोयल ने किया अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां भारत मंडपम में 43वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) का उद्घाटन किया और कहा कि सरकार की योजना देश भर में प्रदर्शनी और बैठकों की ऐसी सुविधाएं विकसित करने की है, ताकि दुनिया के लोग इनके लिए भारत की ओर आकर्षित हों। गोयल ने इस अवसर पर व्यापार संवर्धन के लिए आईटीपीओ से वर्चुअल मेलों (डिजिटल मेलों) के अयोजन पर विचार करने का भी आग्रह किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपने उद्घाटन भाषण में गोयल ने कहा कि आईटीपीओ को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। यह एक ही स्थान पर पूरे उद्योग और मूल्य श्रृंखला को प्रतिबिंबित करेगी ताकि विश्व, भारत को सर्वश्रेष्ठ एमआईसीई गंतव्य के रूप में देख सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ, वाराणसी और नोएडा जैसी जगहों पर काम कर रही है। यह मेला 27 नवबंर तक चलेगा और प्रतिदिन 10:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक खुला रहेगा। इसमें जिसमें देश विदेश की बड़ी संख्या में व्यावसायिक इकाइयां अपने-अपने उत्पाद, नवाचार और व्यावसायिक प्रस्तावों के साथ देश-विदेश से आने वाले व्यावसायिक ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं।

# फिलीपीन्स को भेजा कस्टमाइज़्ड इलेक्ट्रिक तिपहिया

एजेंसी



**वड़ोदरा।** 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड और 'जॉय ई-रिक' के तहत इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने बेलुआ इंटरनेशनल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन से मिले 1.29 अरब डॉलर के ऑर्डर के तहत कस्टमाइज़्ड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ई-ट्राईक (ड्राइवर प्लस 10) को सफलतापूर्वक विकसित किया है और परीक्षण के लिए फिलीपीन्स को भेजा है। कंपनी ने आज यहां कहा कि फिलीपीन्स में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष वाहन डिज़ाइन किया गया है, जिसे सख्त जांच के लिए भेजा गया है। ई-ट्राईक के अलावा वार्डविज़र्ड फरवरी 2025 में अपने लाईन-अप से अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों को जांच हेतु फिलीपीन्स भेजेगा, इस जांच के द्वारा स्थानीय बाज़ार के लिए उपयुक्तता को सुनिश्चित किया जाएगा। फिलीपीन्स सरकार के पब्लिक युटिलिटी व्हीकल मॉडर्नाइज़ेशन प्रोग्राम को समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ वार्डविज़र्ड इनोवेशन ने यह कदम बढ़ाया है, जिसका उद्देश्य पुराने वाहनों को आधुनिक इलेक्ट्रिक विकल्पों से बदलना है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक यतिन गुप्ते ने कहा, हमें खुशी है कि बेलुआ इंटरनेशनल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी के तहत हमें फिलीपीन्स में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास में योगदान देने का अवसर मिला है। वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी में हम फिलीपीन्स के बाज़ार के लिए सही प्रोडक्टों के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं और प्रोडक्ट के विकास एवं निर्माण के सभी चरणों को समय पर पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## मुख्य समाचार

**लंका टी-10 सुपर लीग 2024 की शुरुआत 11 दिसंबर को होगी**

**कोलंबो ।** लंका टी-10 सुपर लीग के पहले संस्करण की शुरुआत 11 दिसंबर को कैंडी में होगी। पहला मैच जाफना टाइटन्स और हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स के बीच होगा। प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी जाफना टाइटन्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स, कोलंबो जगुआर, नुवारा एलिया किंग्स, कैंडी बोल्ट्स और टीम गाले मार्वल्स राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच 18 दिसंबर को खेले जाएंगे। टीम 1 क्वालीफायर 1 में टीम 2 से भिड़ेगी, टीम 3 एलिमिनेटर मैच में टीम 4 का सामना करेगी, जबकि क्वालीफायर 2 में क्वालीफायर 1 की उपविजेता टीम एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। खिताबी मुकाबला क्वालीफायर 1 के विजेता और क्वालीफायर 2 के विजेता के बीच 19 दिसंबर को खेला जाएगा और उसके बाद समापन समारोह होगा।

### तीसरे टी-20 में तिलक वर्मा को नंबर 3 पर बल्लेबाजी का क्यों मिला मौका

**सेंचुरियन ।** भारतीय टीम ने सेंचुरियन में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रिका को 11 रन से हराया। इस मैच में जीत के हीरो युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 में अपना पहला शतक जड़ा। तिलक मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और 56 गेंदों में 107 रन की नाबाद पारी खेली। तिलक नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने क्यों आएं, इसका खुलासा मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने किया। इससे पहले हुए दोनों मैचों में कप्तान सूर्यकुमार यादव नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए थे, लेकिन सेंचुरियन में उन्होंने तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए मौका दिया। मैच के बाद सूर्या ने इसके पीछे की वजह बताई। तिलक वर्मा के बारे में बात करते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वो मेरे कमरे आया। उसने मुझसे कहा कि मुझे नंबर 3 पर मौका दें, मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैंने कहा कि जाओ और खुद को एक्सप्रेस करो। मुकाबले में तिलक ने ऐसा ही किया। मैं उनके और उनके परिवार के लिए बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि हमने टीम मीटिंग में जिस बारे में बात की थी, हमने उसी ब्रांड का क्रिकेट खेला। हम खिलाड़ियों से यही करने के लिए कहते रहे हैं जो वे फ्रैंचाइजी के लिए करते हैं, जो नेट्स में करते हैं। जिस तरह से चीजें चल रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। बीती रात खेले गए चार टी-20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से हराया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी की टीम 7 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का अंतिम मैच 15 नवंबर को खेला जाएगा।

### बाबर आजम ने हासिल की अपने करियर में बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की टीम को भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में 29 रनों से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस मुकाबले में बाबर आजम 2 बड़े रिकॉर्ड तोड़ने में जरूर कामयाब रहे, जिसमें अब वह पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। पाकिस्तानी टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज काफी बुरा रहा जिसमें उन्होंने ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर हुए 7-7 ओवर्स के मुकाबले में 29 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इस मुकाबले में पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान और बेहतरीन बल्लेबाज बाबर आजम जरूर 2 बड़े कारनामे करने में कामयाब रहे, जिसमें एक तो उन्होंने मैदान पर उतरने के साथ ही कर दिया जबकि दूसरा उन्होंने फील्डिंग के दौरान किया। इस मैच में बाबर आजम बल्ले से कोई बड़ा कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो सके जिसमें वह 2 गेंदों में तीन रनों की पारी खेलकर नाथन एलिस की गेंद पर अपना विकेट थमा बैठे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में जब बाबर आजम पहले मुकाबले में फील्डिंग के लिए मैदान पर उतरे तो ये उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का 124वां मुकाबला था, जिसके बाद वह अब पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तानी टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक के नाम पर था जिन्होंने कुल 123 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले 16 साल में खेले थे। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मोहम्मद हफीज का नाम है जिन्होंने 119 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। वहीं चौथे और पांचवें नंबर पर शादाब खान 104 मैच और मोहम्मद रिजवान 103 मैच के साथ काबिज हैं।

### मोहम्मद शमी ने मैदान पर की धमाकेदार वापसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी साल 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से अनफिट होने की वजह से बाहर चल रहे थे, लेकिन अब उन्होंने लगभग एक साल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की जिसमें शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 4 विकेट उनकी पहली पारी में हासिल किए हैं। मोहम्मद शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले में लिए 4 विकेट। भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस को पिछले काफी समय से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मैदान पर वापसी का इंतजार था, जो साल 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लगातार बाहर चल रहे थे। शमी चोटिल होने की वजह से मैदान पर वापसी नहीं कर पा रहे थे, जिसमें सभी को उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले फिट होने की उम्मीद थी, हालांकि टीम के ऐलान के साथ साफ हो गया था कि मोहम्मद शमी अब तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। अब शमी ने लगभग एक साल के बाद मैदान पर वापसी की है, जिसमें वह बंगाल और मध्य प्रदेश के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में खेल रहे हैं।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हराया

## तिलक वर्मा (नाबाद 107) और अभिषेक शर्मा (50) की तूफानी बल्लेबाजी




सेंचुरियन। तिलक वर्मा (नाबाद 107) और अभिषेक शर्मा (50) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने चार मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। 220रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को अर्शदीप सिंह ने तीसरे ओवर में रायन रिकलटन (20) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद वरूण चक्रवर्ती ने रीजा हेंड्रिक्स (21) और कप्तान एडन मारक्रम (29) को अपना शिकार बनाया। ट्रिस्टन स्टब्स (12) को अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। 16वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने डेविड मिलर (18) को अक्षर पटेल के हाथों कैच आउट कराकर जीत की ओर बढ़ रही दक्षिण अफ्रीका को तगड़ा झटका दिया। 18वें ओवर में हाइनरिक क्लासन (41) और 20वें ओवर में मार्को यानसन 17 गेदों में (54) रन को अर्शदीप सिंह ने आउटकर मैच भारत की झोली में डाल दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी और 11 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह को तीन विकेट मिले। वरूण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिये। हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर में मार्को यानसन ने संजू सैमसन (शून्य) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 106 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में केशव महाराज ने क्लासन के हाथों अभिषेक को स्टंप आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (50) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर विफल रहे और ऐंडिले सिमेलाने ने एक रन पर उनका शिकार किया। 13वें ओवर में केशव महाराज ने हार्दिक पंड्या (18) को पगबाधा कर भारत को चौथा झटका दिया। 18वें ओवर में रिंकू सिंह (8) को ऐंडिले सिमेलाने ने अपना शिकार बनाया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में चौका लगाकर मात्र 51 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय और टी-20 शतक जड़ा। रमनदीप सिंह (14) 20वें ओवर में रनआउट हुये। तिलक वर्मा ने 56 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल (एक) रन पर नाबाद रहे।

## छठे एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन दिल्ली में 23 को

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** एशिया का सबसे बड़ा खेल साहित्यिक आयोजन एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल (ईएसएलएफ) का छठा संस्करण 23 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित होगा। खेल संस्कृति, जुनून और खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानियां छठे एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान विभिन्न सत्रों में लेखकों और खिलाड़ियों के साथ चर्चा का केंद्र बनेंगी। इनमें प्रमुख सत्र में होंगी लेखिका, निर्माता और खेल पत्रकार सारा गेर्हार्ट, जो अपने अनुभवों को साझा करेंगी। उनका यह अनुभव केन्या में बिताए गए समय पर आधारित है, जिसमें उनकी पुस्तक वी शेयर द सन: द जर्नी ऑफ पैट्रिक सांग एंड केन्यास लीजेंडरी रनर्स का उल्लेख होगा। इस वर्ष के ईएसएलएफ में प्रसिद्ध शतरंज लेखक पीटर डॉगर्स की किताब द चेस रेवोल्यूशन भी शामिल होगी, जो डिजिटल युग में शतरंज के हालिया शानदार उभार और इसके लोकप्रिय संस्कृति पर प्रभाव का विश्लेषण करती है। न्यूयॉर्क से सारा ने कहा, मैं भारत आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे पता है कि यह एक प्राचीन संस्कृति की भूमि है और इसलिए यहां किताबों का बहुत आदर है। यह कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया के महानतम लेखकों में से कुछ भारत से हैं और मैं यहां कई जानकार लोगों से मिलने, विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रसिद्ध भारतीय भोजन और मेहमाननवाजी का आनंद लेने के लिए उत्सुक हूं।

## बडौदा ने मेघालय को 261 रनों से हराया

### सलामी बल्लेबाज ज्योत्सनील सिंह (121) और शाश्वत रावत (121) की शतकीय

एजेंसी

**विजयवाड़ा ।** सलामी बल्लेबाज ज्योत्सनील सिंह (121) और शाश्वत रावत (121) की शतकीय पारियों के बाद ऑफ स्पिनर महेश पिथिया और निनाद राठवा की शानदार गेंदबाजी के दम पर बडौदा ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय को पारी और 261 रनों से हरा दिया है। मेघालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बडौदा के स्पिनर महेश पिथिया ने 25 रन देकर छह विकेट लेकर घातक गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय की टीम पूरी टीम 36.5 ओवर में महज 103 के स्कोर पर समेट गयी।

> मेघालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बडौदा के स्पिनर महेश पिथिया ने 25 रन देकर छह विकेट लेकर घातक गेंदबाजी की।

मेघालय की ओर से आकाश चौधरी ने सबसे अधिक (40) रन बनाये। उसके बाद अजय दुहान ने (20) और सुमित कुमार (12) रन बनाकर आउट हुये। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बडौदा के लिए महेश पिथिया ने छह, भार्गव भट्ट ने दो विकेट चटकाये। क्रुणाल पंड्या और निनाद राठवा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बडौदा ने ज्योत्सनील सिंह (121) और शाश्वत रावत (121) रनों की शतकीय पारियों और मितेश पाटे (52) के अर्धशतक, शिवालिक शर्मा (42) और निनाद राठवा (नाबाद 33) के योगदान से 71.3 ओवर में 442 का बड़ा स्कोर खड़ा कर 339 रनों की बढ़त ले ली। मेघालय की ओर से बिजोन डे और दिप्पू संगमा ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश चौधरी, आर्यन बोरा, अजय दुहन और बालचंदर अनिरुद्ध ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। महेश पिथिया और निनाद राठवा की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने उसका कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक पाया। केवल अर्पित भटेवरा (46) रन बना सके। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। बडौदा के गेंदबाजों ने मेघालय की पूरी टीम को 17.5 ओवर में 78 रन पर समेट कर मुकाबला पारी और 261 रनों से जीत लिया। मेघालय की दूसरी पारी में बडौदा की ओर से निनाद राठवा ने छह विकेट लिये। महेश पिथिया को तीन विकेट मिले।

# गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में आक्रामक प्रदर्शन किया : सूर्यकुमार यादव

एजेंसी




**सेंचुरियन ।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हमने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में आक्रामक प्रदर्शन का परिचय दिया है और इस जीत से मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने तिलक वर्मा की शानदार शतकीय पारी के लिए सराहना करते हुए कहा कि अवसर को भुनाते हुए तिलक ने खुद को साबित किया।

सेंचुरियन मैच जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सूर्यकुमार ने कहा कि आज और परसों टीम बैठक में जो हमने चर्चा की हमने उसे अमली जामा पहनाया। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेदह खुश हूं। हमने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में आक्रामक शैली का परिचय दिया। उन्होंने खुलासा किया कि पिछले मैच के बाद ही तिलक ने मेरे से आकर बात की थी कि उन्हें नंबर तीन पर मौका चाहिए और मैंने भी सोचा कि उन्हें मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'वह (तिलक वर्मा) गकेबरहा में मैच समाप्त होने के बाद मेरे कमरे में आए थे और कहा कि मुझे तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने का मौका दीजिए। मैं टीम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैंने कहा जाओ और खुद को साबित करो। उसने जो कहा था वह कर दिखाया है। उनके और उनके परिवार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है।'

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये तिलक वर्मा ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं, यह सीरीज के लिहाज से भी अहम मैच था इसलिए ऐसी पारी खेलकर मैं खुश हूं। इसका पूरा श्रेय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जाता है।

उन्होंने मुझे मैच से पहले कहा था कि मैं नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर सकता हूं इसलिए वह नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। हम अपने ऊपर दबाव नहीं लेते हैं, टीम मैनेजमेंट हर खिलाड़ी को बैक करता है।

## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

### गावस्कर ट्रॉफी: पर्थ में अभ्यास शुरू करते ही नई ट्रेनिंग किट का अनावरण किया गया



# पीवी सिंधु के मिशेल ली से हार

## भारत का कुमामोटो मास्टर्स टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया

एजेंसी



**कुमामोटो ।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु के महिला एकल के राउंड ऑफ 16 में कनाडा की मिशेल ली से हार के साथ भारत का कुमामोटो मास्टर्स टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मुकाबले की शुरुआत अच्छी की, लेकिन अपनी लय को बनाए नहीं रख पाईं और उन्हें मिशेल ली से 21-17, 16-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में सिंधु ने अपनी लंबाई का फायदा उठाकर आक्रामक खेल दिखाया और मिड-गेम ब्रेक तक चार अंकों की बढ़त बनाई। मिशेल ली ने इसे 15-13 के स्कोर से अंतर कम किया, लेकिन सिंधु ने जल्दी ही नियंत्रण वापस पाकर पहला गेम जीत लिया। कॉमनवेल्थ गेम्स की पूर्व चैंपियन मिशेल ली ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंधु को परेशान किया। सिंधु 8-3 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी कर स्कोर 9-9 पर बराबर किया और हाफ टाइम के बाद भी मुकाबले में बनी रहीं। हालांकि, ली ने आखिरी आठ में से छह अंक जीतकर खेल को निर्णायक गेम तक खींचा। अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। हालांकि, 17-16 की बढ़त बनाने के बाद सिंधु लगातार पांच अंक गंवाकर मैच हार गईं और बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 स्पर्धा से बाहर हो गईं। यह सिंधु की मिशेल ली के खिलाफ 15 मुकाबलों में पांचवीं हार थी। पिछले साल से दोनों के बीच चार मुकाबलों में से तीन में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा है।

## लुंगी एनगिडी श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से बाहर

एजेंसी

**जोहानसबग ।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रिका (सीएसए) ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। सीएसए ने बयान जारी कर बताया कि प्रोटियाज पुरुष टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में अपनी संरचित कंडीशनिंग अवधि के हिस्से के रूप में एक चिकित्सा मूल्यांकन किया, जिसके दौरान स्कैन से द्विपक्षीय प्रॉक्सिमल एडक्टर टेंडिनोपैथी का पता चला। अब वह एक पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। उनके जनवरी में खेलने के लिए वापस आने की उम्मीद है। सीएसए ने बयान में यह भी बताया कि टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी बायीं कोहनी की चोट से उबरने में सकारात्मक प्रगति कर रहे हैं और 18 नवंबर को फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिससे यह पता चल सकेगा कि 27 नवंबर को डरबन में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता क्या है।

## मुख्य समाचार

### पटेल और डॉ यादव का शहडोल का दौरा

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 नवंबर को शहडोल आएंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई और मुख्यमंत्री मोहन यादव का आगमन 15 नवंबर को सुबह 10 बजे शहडोल शहर से लगे बाणगंगा मैदान में हो रहा है, जिसमें वे भगवान बिरसा मुण्डा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा। इसके साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

### ट्रक पेड़ से टकराया ,व्यापारी की मौत, ड्रायवर गंभीर

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में सीधी मार्ग पर आज सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया, जिससे एक व्यापारी की मौत हो गई और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र में शहडोल-सीधी मार्ग पर साखी गाँव के पास सुबह 7 बजे एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस वाहन में टमाटर व्यापारी राहुल शाह सिंगरौली से ब्योहारी टमाटर लेने आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया और राहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक नीरज मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ट्रक चालक को उपचार के लिए ब्यौहारी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### विजयपुर में 77.76 एवं बुधनी में 77.07 प्रतिशत मतदान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश की दो विधानसभाओं विजयपुर एवं बुधनी में कल सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारियों की डायरी एवं अन्य दस्तावेजों से दर्ज की गई जानकारी के अनुसार विजयपुर में कुल 77.76 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 79.14 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं और 76.24 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार बुधनी में कुल 77.07 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 80.10 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं और 73.82 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस मतदान प्रतिशत में पोस्टल बैलेट तथा अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान की जानकारी सम्मिलित नहीं है। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह ने दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों, मतदान दल में सम्मिलित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी केन्द्रीय पुलिस सुरक्षा बल एवं राज्य के पुलिस बल तथा मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन में शांतिपूर्ण मतदान कराने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विजयपुर की मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जिला श्योपुर एवं बुधनी की मतगणना शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जिला सीहोर में 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी।

### बच्चों को गीता प्रतियोगिता में शामिल कराएं अभिभावक : यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग और इस्कॉन संस्थान की ओर से राज्य में नवंबर के आखिरी सप्ताह में गीता महोत्सव आयोजित किया जा रहा है और अभिभावक अपने बच्चों को इसकी प्रतियोगिता में शामिल कराएं। उन्होंने कहा कि कृष्ण भगवान ने मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित सांदिपनी आश्रम में शिक्षा ग्रहण की। ये हमारे अतीत का गौरवशाली पक्ष है और इससे मध्यप्रदेश की शिक्षा के क्षेत्र में पहचान पता चलती है। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकली गीता बच्चों और समाज तक जाए, मूल्य आधारित शिक्षा बच्चों तक जाए, इसके लिए नवंबर के आखिरी सप्ताह में ये आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भगवान राम कृष्ण के जीवन के सभी पक्ष समाज के सामने लाने की भी जरूरत है। उनके जीवन के प्रसंगों से बच्चों में सद्गुणों का विकास होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को इस प्रतियोगिता में शामिल कराने की अपील भी की।

### जनजातीय गौरव दिवस पर धार और शहडोल में बड़े कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े पक्षों को समाज के सामने लाएं और कल जनजातीय गौरव दिवस पर धार और शहडोल में बड़े कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाने की जो घोषणा की, यह इतिहास के पन्ने पर ध्यान आकर्षित करता है, जिसमें अंग्रेजों के खिलाफ भगवान बिरसा मुंडा ने बिहार-झारखंड से खड़े होकर हमारे समाज का प्रबल प्रतिरोध स्थापित किया और आदिवासी अंचल से आंदोलन की शुरुआत हुई ।इससे अंततः अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा, जीते जी जो अपने संघर्षों के कारण मनुष्य भगवान का दर्जा पा गए, ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मध्यप्रदेश सरकार भी मना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दो बड़े कार्यक्रम कर रही है। धार और शहडोल जिले में बड़े आयोजन हो रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान बिरसा मुंडा के इन सारे पक्षों को सामने लाएं जिनसे हमारा स्वतंत्रता आंदोलन मजबूत हुआ।

### ट्रेक्टर ट्राली पलटने से एक की मौत, दो दर्जन घायल

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के दबोह थाना क्षेत्र के ट्रेक्टर ट्राली पलटने के कारण एक महिला की मृत्यु हो गयी और लगभग दो दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बुधवार को हुए इस हादसे में लगभग छह यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर के अस्पताल में भेजा गया है और शेष घायलों को प्राथमिक उपचार दबोह के अस्पताल में दिया गया। सूत्रों ने कहा कि लहार तहसील के जमुहा गांव के एक समाज विशेष के कुछ लोग एक ट्रेक्टर में लगी दो ट्रालियों में सवार होकर छानगांव में एक त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दबोह के पास ट्रेक्टर अचानक असंतुलित होकर पलट गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन का दल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### नेहरू को जयंती पर याद किया कांग्रेस नेताओं ने

**भोपाल।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज उनकी जयंती पर मध्यप्रदेश में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने याद कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए श्री नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए लिखा है, 'आधुनिक भारत के निर्माता, वैज्ञानिक सोच के प्रेरक और लोकतंत्र के सशक्त प्रहरी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी दूरदृष्टि और समावेशी नीतियां हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। नमन।' विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया के जरिए कहा, 'भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर सादर नमन। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक भारत की नींव रखने और बच्चों के प्रति अपार स्नेह को आज भी हम गर्व से याद करते हैं।

# झारखंड में 'एनडीए' की सरकार बनना तय: शाह

एजेंसी

**गिरिडीह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है।



जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है। उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं। झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही इस संबध में कानून बनाया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का झारखंड में भी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव जैसा हाल होने वाला है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी परिवार की चार पीढ़ियां भी अब इसे वापस नहीं ला सकतीं। उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ बोर्ड कानून लाना हमारी सरकार का संकल्प है।

## युवाओं को 'सशक्त' बनाएं : महबूबा मुफ्ती

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को 'बाल दिवस' पर युवाओं को दिमागी रूप से सशक्त बनाने और उन्हें नशे तथा मोहभंग से दूर रखने पर जोर दिया है। मुफ्ति ने आज 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट कहा, 'बाल दिवस पर हमारी संवेदनाएं जम्मू-कश्मीर के बच्चों और युवाओं के साथ हैं, जिन्होंने दशकों तक संघर्ष और अनिश्चितता को झेला है।' उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बच्चों के साथ ली गई एक सेल्फी भी साझा की है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, 'हाल के वर्षों में, दोषपूर्ण भर्ती नीतियों और बड़े पैमाने पर घोटालों ने संस्थानों में उनके विश्वास



को और हिला दिया है, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है।' उन्होंने कहा, ' हमारा कर्तव्य है कि हम इन युवा दिमागों को सशक्त बनाएं और उनका पोषण करें, उन्हें निराशा, नशे और मोहभंग से दूर रखें।' मुफ्ती ने कहा, 'हमारी प्रतिबद्धता विश्वास का पुनर्निर्माण करना है, ताकि वे लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर आशा और उद्देश्य पाएं, न कि इसके बाहर।'

## विजयपुर में अंबेडकर प्रतिमा को लेकर 'विवाद'

एजेंसी

**भोपाल/श्योपुर।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर में उपचुनाव के तहत कल हुए मतदान के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा कथित तौर पर खंडित होने के विरोध में कांग्रेस ने समूचे राज्य में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, विजयपुर में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने, दलित और आदिवासी समाज के साथ हिंसा के विरोध में कांग्रेस द्वारा सभी जिला मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को इस संबंध में निर्देशित किया है। इसी बीच श्री पटवारी ने एक्स पर इस कथित हिंसा से जुड़े वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, विजयपुर उपचुनाव प्रदेश के इतिहास में हिंसा से भरा एक काला अध्याय बन गया है। चुनाव के दौरान आदिवासियों पर हमले हुए, और इसके बाद दलित समुदाय को भीषण अत्याचार झेलना पड़ा। गोटा में दलितों के गांवों को निशाना बनाकर उनकी फसलें जला दी गईं और बाबा साहेब की पूजनीय मूर्ति को तोड़ दिया गया। भाजपा ने एक बार फिर मध्य प्रदेश को नफरत और हिंसा की आग में झोंक दिया, जिसका खामियाजा विजयपुर के मेरे दलित और आदिवासी भाई-बहनों को भुगतना पड़ा। चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की यह साजिश प्रदेश के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस की ओर से ये वीडियो वायरल किए जा रहे हैं।

### दिल्ली दरबार की 'हां में हां' में मिला रही है मप्र सरकार : सिंघार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने राज्य की मोहन यादव सरकार को आज निशाने पर लेते हुए कहा कि यह सरकार 'दिल्ली दरबार' की 'हां में हां' मिलाने में लगी है। सिंघार ने राज्य सरकार के 'विकसित मध्यप्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट 2047' के लक्ष्य के संदर्भ में कटाक्ष करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है, 'बीजेपी में नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमले को आगे बढ़ाने की मजबूरी है। कोई भी नेता यह नहीं सोचता कि क्या पीएम की हवाबाजी को जमीन पर सच करना संभव होगा। विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश का स्लोगन अच्छा है, पर जिस हालात में देश और मध्यप्रदेश है, क्या ये मुमकिन है?' उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कर्ज लिए जाने, बेरोजगारी बढ़ने और अन्य मुद्दों का जिक्र करते हुए लिखा है, 'इसके बावजूद विकसित मध्यप्रदेश का झूठा सपना दिखाने का क्या मतलब? मोहन बाबू दिल्ली दरबार की हां में हां मिलाने से पहले जरा मप्र की हालत देख लें, फिर झूठे सपने दिखाइए।'

## सिख श्रद्धालुओं का जत्था गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब के लिए रवाना

एजेंसी

**अमृतसर।** गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश गुरुपर्व को मनाने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा गुरुवार को सिख तीर्थयात्रियों का एक जत्था पाकिस्तान के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनहन ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की जयंती सिख श्रद्धालु पूरी दुनिया में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में स्थित गुरुधामों के दर्शन करने की लालसा हर सिख के दिल में होती है । उन्होंने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों की बड़ी आमद को देखते हुए शिरोमणि कमेटी पाकिस्तान गुरुद्वारा कमेटी को हर तरह की सहायता देने के लिए तैयार है। इसी बीच पार्टी के नेता



गुरनाम सिंह जस्सल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर जत्थे का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि हर सिख पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा साहिब के दर्शन करने को लालायित रहता है और सरकार को श्रद्धालुओं को यथासंभव वीजा उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार शिरोमणि कमेटी द्वारा भेजे गए 2244 तीर्थयात्रियों में से 1481 तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान उच्चायोग ने वीजा नहीं दिया, जिससे सिख तीर्थयात्रियों के दिल को ठेस पहुंची है। जस्सल ने कहा कि श्रद्धालुओं का यह समूह 15 नवंबर को गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में प्रकाश गुरुपर्व समारोह में भाग लेगा। 16 नवंबर को गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब से गुरुद्वारा श्री सच्चा सौदा, मंडी चूहड़काना (शेखूपुरा) में नतमस्तक होगा।

# पुनर्विकास कार्य के कारण होगा रेल यातायात प्रभावित

जयपुर। राजस्थान में जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास चलने के कारण प्लेटफार्म नं. 1 एवं 2..3 पर निर्माण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शषि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के लिये उत्तर-पश्चिम रेलवे पर संचालित रेल सेवायें प्रभावित होगी।



इसके तहत गाड़ी संख्या 12413, अजमेर-जम्मूतवी रेलसेवा जो 15.12.24 को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा अजमेर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा 14.12.24 को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह खातीपुरा तक संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा खातीपुरा-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12195, आगराफोर्ट-अजमेर रेलसेवा जो 15.12.24 को आगराफोर्ट से प्रस्थान करेगी, वह खातीपुरा तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12196, अजमेर-आगराफोर्ट रेलसेवा 15.12.24 को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी, अर्थात् यह रेलसेवा अजमेर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12015, नयी दिल्ली-अजमेर रेलसेवा जो 15.12.24 को नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी, वह खातीपुरा तक संचालित होगी, अर्थात् यह रेलसेवा खातीपुरा-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12016, अजमेर-नयी दिल्ली रेलसेवा 15.12.24 को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी, अर्थात् यह रेलसेवा अजमेर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12991, उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा जो 15.12.24 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह अजमेर तक संचालित होगी, अर्थात् यह रेलसेवा अजमेर-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12992, जयपुर-उदयपुर सिटी रेलसेवा 15.12.24 को जयपुर के स्थान पर अजमेर से संचालित होगी, अर्थात् यह रेलसेवा जयपुर-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### पुष्कर मेले में ब्रह्म चौदस एवं संतो का शाही स्नान सम्पन्न

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के पुष्कर में अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले के दौरान पंचतीर्थ स्नान के तहत ..ब्रह्म चौदस.. का स्नान हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। गुरुवार को संतों का ..शाही स्नान.. भी सम्पन्न हुआ। पुष्कर के पवित्र सरोवर में आज के दिन 33 करोड़ देवी देवताओं की मान्यता के बीच उच्च स्वर के मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्म मुहूर्त में सभी 52 घाटों पर श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्नान किया। जो दिनभर जारी रहेगा। स्नान के बाद लगभग सभी भगवान ब्रह्माजी के दर्शन करने ब्रह्माजी मंदिर जा रहे हैं।

## लीज-लाइसेंसधारक को परिवेश पोर्टल पर अविलंब फार्म 2 अपलोड करने के निर्देश

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने जिला स्तर से पर्यावरण स्पीकृतियां प्राप्त पांच हेक्टेयर तक की माइनर मिनरल लीज धारकों एवं क्वारी लाइसेंसधारकों से परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने से शेष रहे लाइसेंसधारकों से तत्काल फार्म 2 अपलोड करने को कहा है। रविकान्त गुरुवार को सचिवालय में जिला स्तरीय समितियों से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त लीज और क्वारी लाइसेंस वाली माइंस को राज्य स्तरीय समिति से ईसी जारी कराने के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा तीन सप्ताह में आवेदन करने की राहत के संबंध में विभागीय अधिकारियों से वर्चुअली बैठक की। उन्होंने कहा कि खानधारकों के हित में राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों से उच्चतम न्यायालय से तीन सप्ताह की राहत प्राप्त हुई है। उन्होंने खान विभाग को फार्म 2 अपलोड होने की नियमित प्रगति समीक्षा करते हुए राज्य सरकार को अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रयासों के बाद भी परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड नहीं करने वाले खानधारकों को नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की 16, 18 नवंबर को आयोजित होगी परीक्षा

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 16 एवं 18 नवंबर 2024 को कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जायेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रथम पारी पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल पांच हजार 450 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये जयपुर जिला कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका संचालन 18 नवंबर, 2024 तक किया जायेगा।

## जम्मू-कश्मीर में पुलिस सत्यापन प्रणाली को देंगे चुनौती : सज्जाद

एजेंसी

**श्रीनगर।** पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने गुरुवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पुलिस सत्यापन प्रणाली को चुनौती देंगे । उन्होंने इसे परिवारों के खिलाफ सामूहिक दंड का एक गंभीर रूप बताया। उनका यह बयान सर्वोच्च न्यायालय के एक ऐतिहासिक फैसले के बाद आया है, जिसमें शीर्ष अदालत ने समग्र रूप से परिवारों को निशाना बनाने वाली अन्यायपूर्ण सजा के रूप में संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने की निंदा की है।



लोन ने जम्मू-कश्मीर में वर्तमान पुलिस सत्यापन प्रक्रिया पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया प्राय: किसी रिश्तेदार के रिकॉर्ड के आधार पर पूरे परिवारों को अस्वीकार कर देती है और राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है।

# पानीपत में ट्रक ने छह को कुचला, पांच की मौत

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़-दिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित पानीपत में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर छह लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को एक ट्रक चालक एलिवेटिड हाईवे पर विपरीत



दिशा में एंट्री ली और सिवाह पुल के सामने एक बाइक पर सवार दो लोगों को कुचला। घटना के बाद चालक ने आगे मलिक पेट्रोल पम्प के सामने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इसके बाद चालक ने तीसरा हादसा गुरुद्वारे के सामने भी ट्रक से दो लोगों को टक्कर मार दी। एक के बाद एक तीन वाहनों में टक्कर मारने की घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव सड़क पर बिखरे पड़े रहे और मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे पीजीआई रोहतक में रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक नशे में था। जब उसे पकड़ा तो वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। मरने वालों में तीन की पहचान अनिकेत उर्फ अंकित, सूरज और राजेंद्र (25) के रूप में हुई हैं। मृतक अंकित और सूरज पावटी गांव के रहने वाले थे थौर पड़ोसी होने के साथ-साथ दोस्त थे। वहीं तीसरा मृतक दिल्ली का रहने वाला था। पुलिस ने मृतथों की जेब से मिले पहचान पत्र के माध्यम से उनकी शिनाख्त की है। पुलिस जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि एक ट्रक ने कई जगहों पर लोगों को टक्कर मारी है। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में तीन की पहचान कर ली गई है। वहीं अन्य की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।